mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-1 अंक-142 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
23 नवंबर 2025 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



सबा करीम ने बुमराह...

@ पेज 7

## हिमाचल के विंग कमांडर दुबई एयर शो में शहीद



**कांगड़ा, एजेंसी।** दुबई एयर शो में क्रैश एयरफोर्स के लड़ाकू विमान तेजस हादसे में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल (34) शहीद हो गए। दुबई में औपचारिकताएं पूरी करके नमांश की पार्थिव देह के सोमवार तक कांगड़ा पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव नगरोटा बगवां में किया जाएगा।

नमांश के पिता जगरनाथ स्याल को बेटे की शहादत की खबर यू-ट्यूब पर वीडियो देखते-देखते मिली। हादसे से एक दिन पहले बेटे ने ही एयर शो के वीडियो टीवी या यू-ट्यूब पर देखने को कहा था। तभी पिता जगरनाथ को तेजस विमान के क्रैश होने की खबर दिखी।उन्होंने बताया, मैं एयर शो के वीडियो देख रहा था, तभी एक रिपोर्ट में तेजस के गिरने की खबर आई। दिल दहल गया। इसके बाद, उन्होंने अपनी बहू को फोन किया, जो खुद भी वायुसेना में हैं।

## सांसद चंद्रशेखर रावण को एक्स गर्लफ्रेंड रोहिणी की धमकी

### इंडिया आ रही हूं, तुझे पूरी तरह खत्म करूंगी, अमित शाह भी बचा नहीं पाएंगे



**इंदौर,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर और उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी के बीच विवाद थम नहीं रहा है। इंदौर की रहने वाली रोहिणी ने अब दावा किया है कि चंद्रशेखर ने उनके मां-पिता को जेल भिजवाने की धमकी दी है।

रोहिणी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मेरे मम्मी-पापा मेरे भगवान हैं। उन्हें थोड़ी भी तकलीफ पहुंचाने की कोशिश भी मत करना वरना इंडिया आकर अपनी ताकत दिखाऊंगी। अमित शाह भी बचा नहीं पाएंगे। तेरी लड़ाई मुझसे है न। मुझसे लड़। पूरे देश में मेरे खिलाफ षड्यंत्र करा, मेरी हत्या करा दे, जो करना है, कर। लेकिन मेरे परिवार को बीच में मत ला।

## मिजोरम में बीएसएफ और नारकोटिक्स ने जब्त किए 4.79 करोड़ के ड्रग्स

**आईजोल, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ आईजोल तथा एक्साइज एवं नारकोटिक्स विभाग, मिजोरम की संयुक्त टीम ने शनिवार को पश्चिम आईजोल क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने संयुक्त अभियान के दौरान 5.89 किलो मेथाम्फेटामाइन तथा 41 ग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 4.79 करोड़ से अधिक बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो म्यांमार के नागरिक भी शामिल हैं।

### दिल्ली दंगा : पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-

# उमर खालिद...शरजील के ट्रायल को पूरा होने में लग सकते हैं दो साल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज उमर खालिद और शरजील इमाम समेत कई आरोपियों के ट्रायल को पूरा होने में दो साल का समय लग सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को तय की है। शीर्ष अदालत दिल्ली पुलिस की उन सात आरोपियों की जमानत याचिकाओं का विरोध करने वाली दलीलें सुनना जारी रखेगी, जिन्होंने जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुनवाई के दौरान, दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी थी कि आतंकवाद में शामिल बुद्धिजीवी और भी खतरनाक होते हैं।

दिल्ली पुलिस ने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन का बड़ा मकसद देश में सरकार बदलना और आर्थिक तंगी लाना था। पुलिस के मुताबिक, साजिश करने वालों ने कई व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये समन्वय बनाया। शरजील इमाम की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि दिल्ली पुलिस ने जो वीडियो दिखाए हैं, वे सिर्फ तीन घंटे लंबे भाषणों से लिए गए छोटे क्लिप हैं और इनका मकसद आरोपी के पक्ष को कमजोर करना है।

### दिल्ली पुलिस ने किए कई खुलासे

दिल्ली पुलिस ने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की योजना सिर्फ एक गुमराह करने वाली बात थी। पुलिस ने दावा किया कि इसका बड़ा मकसद देश में राज बदलना और आर्थिक हालातों को बिगाड़ना था। पुलिस के मुताबिक, साज़िश करने वालों ने कई व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए कोऑर्डिनेट किया, जिसमें DPSG- कथित तौर पर चक्का जाम और धरनों की प्लानिंग की गई थी। MSJ ग्रुप में (जेएनयू के मुस्लिम स्टूडेंट्स), और JCC (जामिया कोऑर्डिनेशन कमेटी) शामिल हैं। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि उमर खालिद और शरजील इमाम ने जेएनयू और जामिया के स्टूडेंट्स को इकट्ठा करने के लिए MSJ और SOJ जैसे सांप्रदायिक स्टूडेंट ग्रुप्स बनाकर या उनका इस्तेमाल करके सेंट्रल रोल निभाया, जिससे कैंपस का सेक्युलर ताना-बाना टूटा और दंगों से पहले प्रोटेस्ट करने में मदद मिली।

# ठाणे जिले के अंबरनाथ में कार कई वाहनों से टकरा कर पलटी, 4 की मौत, 3 घायल



**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे जिले के अंबरनाथ में नगर निकाय के चुनाव प्रचार कर रहे उम्मीदवार की कार बीती रात कई वाहनों को टक्कर मारते हुए पलट जाने से 4 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। इस घटना की जांच अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

अंबरनाथ के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस (एसीपी) शैलेश काले ने शनिवार को बताया कि एक्सीडेंट में कार ड्राइवर समेत 04 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में दुर्घटनाग्रस्त वाहन पूरी तरह से कुचल गए हैं। मृतकों के शव बरामद कर सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तीन और लोग घायल हुए हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए शिवसेना शिंदे समूह की उम्मीदवार किरण चौबे अपने ड्राइवर लक्ष्मण शिंदे के साथ चुनाव प्रचार के लिए मटका चौक के पास बुवा पाड़ा इलाके की ओर कार से जा रही थीं, तभी कार चालक का पैर अचानक एक्सीलेटर में फंस गया और कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार कई दोपहिया वाहनों को कुचलते हुए डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

### अब बैठक में बिना मंजूरी किसी भी मामले पर चर्चा नहीं

## सबरीमाला विवाद के बीच टीडीबी अध्यक्ष का आदेश जारी



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के सबरीमाला मंदिर में सोने की परत के विवाद में अब एक नया मोड़ आ गया है। इसके तहत त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अध्यक्ष के जयकुमार ने एक नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अब बोर्ड की बैठकों में कोई भी मामला उनके पूर्वानुमोदन के बिना पेश नहीं किया जाएगा। यह आदेश शुक्रवार को जारी किया गया। माना जा रहा है कि यह कदम हाल ही में सबरिमाला मंदिर से सोने की परत चोरी के विवाद के बाद उठाया गया है। इस मामले में दो पूर्व टीडीबी अध्यक्षों को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने गिरफ्तार किया था। **आदेश में कुल पांच बातों पर मुख्य फोकस :**बता दें कि टीडीबी द्वारा जारी आदेश में कुल पांच बातों पर मुख्य फोकस किया गया है। इसके तहत पहली बात ये है कि जो भी विषय अध्यक्ष से पहले मंजूर नहीं होंगे, उन्हें बोर्ड की बैठक में नहीं रखा जाएगा। दूसरी बात अध्यक्ष द्वारा मंजूर किए गए सभी मामलों को फोल्डरों में संकलित कर बैठक में उन्हें और बोर्ड के सदस्यों को सौंपा जाएगा।



# बर्फ से ढंका बद्रीनाथ धाम, उत्तराखंड में जमने लगी झील

### राजस्थान में सर्दी से थोड़ी राहत; मध्य प्रदेश के 7 जिलों में शीतलहर


**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को नवंबर की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया। यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।चमोली जिले की ही शेषनेत्र झील भी जम गई है। वहीं 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिथौरागढ़ का आदि कैलाश इलाके में भी बर्फबारी हुई है। इससे इलाके की सभी झीलें जम गई हैं। इलाके की सुंदरता को देखने पर्यटक भी पहुंच रहे हैं।

इधर, राजस्थान में सप्ताह भर बाद सर्दी से राहत मिली है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री तक बढ़कर कई शहरों में सिंगल से डबल डिजिट में आ गया। अगले 2 सप्ताह तक तापमान में गिरावट नहीं होगी। हालांकि, उत्तरी-पश्चिमी हवा से धुंध (स्मॉग) छानी शुरू हो गई है। इससे दिन में धूप अन्य दिनों के मुकाबले कमजोर रही है।

मध्य प्रदेश में बीते दो दिन में सर्दी से 2 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर समेत 7 जिलों में शीतलहर चली। पचमढ़ी में पहली बार पारा 5.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। नर्मदापुरम में विजिबिलिटी 500 मीटर दर्ज की गई।

### जी20 समिट में मेलोनी से मिले मोदी

# ब्राजीली राष्ट्रपति डि-सिल्वा को गले लगाया; बोले- पुराने डेवलपमेंट मॉडल ने रिसोर्स छीने, इसे बदलना जरूरी





**केप टाउन, एजेंसी।** पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में शनिवार को जी20 समिट में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दुनियाभर के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा को उन्होंने गले लगा लिया।

इसके बाद मोदी ने समिट के पहले सेशन में भाषण दिया। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर भारत का नजरिया दुनिया के सामने रखा। मोदी ने पुराने डेवलपमेंट मॉडल के मानकों पर दोबारा सोचने की अपील की। उन्होंने कहा- पुराने डेवलपमेंट मॉडल ने रिसोर्स छीने, इसे बदलना जरूरी है।दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प इस समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसपर अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने कहा कि उन्हें यह अध्यक्षता किसी खाली कुर्सी को सौंपनी होगी। रॉयटर्स के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

2026 में जी20 की अध्यक्षता अमेरिका को मिलनी है, लेकिन कोई अमेरिकी ऑफिशियल इसमें शामिल नहीं हुआ है। ट्रम्प ने आखिरी सेशन में मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी।

**यूक्रेन को समर्थन देने के लिए जी20 के बाद बैठक की तैयारी में यूरोपीय नेता:**जी20 समिट के इतर यूरोपीय नेता जोहान्सबर्ग में अलग से बैठक करने की तैयारी कर रहे हैं। इसका मकसद यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन दिखाना है। यूरोपीय देशों का मानना है कि यूक्रेन अगर रूस से हार गया तो उनका भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। रूस ने अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर फरवरी 2022 में आक्रमण किया था। यूरोपीय देश नहीं चाहते कि शांति समझौता से रूस को फायदा हो और यूक्रेन को नुकसान।

---------------------

### मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। उन्होंने X पर कहा कि- यह साल भारत-ब्रिटेन साझेदारी में नई एनर्जी लेकर आया है और हम इसे अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे।

# दिल्ली ब्लास्ट: आतंकी डॉक्टर्स की अलग-अलग हैंडलर को रिपोर्टिंग थी

### ● हथियारों के लिए फंडिंग की; उसी पैसे के लिए झगड़े थे उमर-मुजम्मिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी नेटवर्क, हैंडलर्स की चेन और कई को-ऑर्डिनेटेड हमलों की तैयारी का खुलासा किया है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था।

मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे। इधर, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम श्रीनगर में हैं। यह टीम J&K पुलिस की हिरासत में लिए गए डॉक्टरों और संदिग्धों से पूछताछ करने वाली है।

### दिल्ली लास्ट पर खुफिया एजेंसियों के खुलासे

- आरोपी मुजम्मिल ने 6.5 लाख रुपए में एक एके-47 राइफल खरीदी थी, जो बाद में अदील के लॉकर से मिली थी। यह मॉड्यूल के पीछे की तैयारी और फाइनेंसिंग के लेवल को दिखाता है।
- 2022 में मुजम्मिल-अदील और मुजफ्फर अहमद, ओकासा नाम के एक व्यक्ति के कहने पर तुर्की गए थे। उन्हें तुर्की में एक कॉन्टैक्ट के जरिए अफगानिस्तान भेजा जाना था। लेकिन एक हफ्ते तक इंतजार कराने के बाद हैंडलर पीछे हट गया।
- ओकासा ने मुजम्मिल से एक टेलीग्राम ID के जरिए बात की थी। मुजम्मिल के हैंडलर के बारे में पूछने के बाद उनकी बातचीत और बढ़ गई।
- उमर बम बनाने के वीडियो, मैनुअल और ऑनलाइन ओपन-सोर्स कंटेंट की स्टडी कर रहा था। उसने नूंह से केमिकल इंग्रेडिएंट्स, भागीरथ पैलेस और फरीदाबाद के NIT मार्केट से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स खरीदे थे।
- उमर ने केमिकल्स को स्टोर करने और एक्सप्लोसिव मिक्सचर तैयार करने के लिए एक डीप फ्रीजर भी खरीदा था। फ्रीजर का इस्तेमाल कंपाउंड को स्टेबल करने और प्रोसेस करने के लिए किया गया था।


# दिल्ली- आईएसआई कनेक्शन वाला हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ा

### पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार मंगाते; लॉरेंस-गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को ISI कनेक्शन वाले एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हाईटेक हथियार मंगवाकर लॉरेंस, गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए।

पुलिस का कहना है कि बरामद हथियारों की क्वालिटी और नेटवर्क का विस्तार देखकर साफ है कि यह एक संगठित और हाई-फंडेड तस्करी मॉड्यूल था। पुलिस का कहना है कि बरामद किए गए हथियार बहुत आधुनिक हैं और इनके पीछे बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था। इससे लग रहा है कि यह तस्करी का संगठित और हाई-फंडेड मॉड्यूल था।



**हथियार पहले तुर्की-चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते थे:** पुलिस के मुताबिक यह रैकेट पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था। हथियार पहले तुर्की और चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते, फिर वहां से ड्रोन के जरिए पंजाब में गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें यूपी और पंजाब के तस्करों की मदद से दिल्ली और आसपास के राज्यों तक भेजा जाता था और इसे लॉरेंस, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को पहुंचाया जाता था। नेटवर्क हवाला के जरिए पाकिस्तान पैसा भेजता था।

**क्राइम ब्रांच पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी :** गिरफ्तार आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं। इनका नाम मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितनी खेप भारत में भेजी जा चुकी है और किन गैंग्स तक हथियार पहुंचे। क्राइम ब्रांच मोबाइल लोकेशन, बैंक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया लिंक के जरिए पूरे नेटवर्क और उसके विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है।

# दिल्ली में 2416 फ्लैट्स की होगी मरम्मत, दिल्ली सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को सावड़ा घेवरा में तैयार पड़े 2,416 फ्लैटों की मरम्मत और नवीनीकरण को मंजूरी दे दी। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन फ्लैटों का आवंटन तेज गति से पूरा किया जाए। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की 34वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सभी नवीनीकरण कार्य 15 जनवरी तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। शुक्रवार को हुई बैठक में सुल्तानपुरी, द्वारका और भलस्वा सहित कई स्थानों पर फ्लैटों के नवीनीकरण को भी मंजूरी दी गई है। रेखा गुप्ता सरकार की योजना है, जिसमें करीब 50,000 बिना उपयोग वाले ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को मरम्मत कर स्लम में रहने वाले पात्र गरीबों को आवंटित किया जाएगा। शुक्रवार को हुई बैठक में 'अटल कैंटीन' परियोजना और दूसरे आधारभूत ढांचों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।



सीएम गुप्ता ने निर्देश दिया कि सभी डीयूएसआईबी कॉलोनियों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। रेखा गुप्ता ने रोज इस्तेमाल में आने वाली दुकानें, सब्जी मंडी, कम्युनिटी हॉल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एसटीपी, कचरा निस्तारण प्रणाली, पर्याप्त पानी, सड़कें, पार्क, बिजली लाइनें और सीवर नेटवर्क की सुविधा मौजूद रहे। बोर्ड ने 124 डीयूएसआईबी स्थलों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने को भी मंजूरी दी, जिसे सीएम ने झुग्गी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी उपलब्धि बताया। इसके अलावा, गरीब परिवारों के क्षेत्रों में ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट और पर्याप्त पार्किंग बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी चल रही और आगामी परियोजनाओं के व्यापक लेआउट प्लान अगली बोर्ड बैठक में पेश किए जाएंगे। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि नए और मौजूदा सभी फ्लैटों में आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान होना चाहिए।

# 10वीं छात्र की आत्महत्या मामले पर एनएचआरसी ने दिए जांच के निर्देश, 10 दिनों में मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनएचआरसी ने मध्य दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई उस मामले के बाद की गई है जिसमें शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल के कुछ शिक्षकों द्वारा कथित मानसिक उत्पीड़न और भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी।

इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच करने तथा 10 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं।

छात्र द्वारा राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या करने के एक दिन बाद बुधवार को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

**शिक्षकों पर मानसिक उत्पीड़न और भेदभाव के आरोप:** मामले की एनएचआरसी कार्यवाही के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दिल्ली में एक छात्र ने लुटियंस दिल्ली के एक प्रतिष्ठित स्कूल के शिक्षकों द्वारा लगातार मानसिक उत्पीड़न और भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण आत्महत्या कर ली।

शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य सहित कई शिक्षकों ने नियमित रूप से छात्र का मज़ाक उड़ाया, अपमानित किया और धमकाया, जिससे भय और आघात का माहौल पैदा हुआ।

यह भी आरोप लगाया गया कि कई पूर्व छात्रों और अभिभावकों ने मानसिक उत्पीड़न, अलगाव, नकारात्मक तुलना और लंबे समय तक चलने वाले आघात के समान अनुभव साझा किए हैं।

**बाल-सुरक्षा उल्लंघन पर कार्रवाई का आदेश:** एनएचआरसी की कार्यवाही में कहा गया है कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया और न ही कोई परामर्श दिया गया और न ही बाल-सुरक्षा उपाय किए गए, जो किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, शिक्षा का अधिकार (निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन) अधिनियम, 2009 और बाल सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन है।

शिकायतकर्ता ने आयोग से हस्तक्षेप की मांग की और एक स्वतंत्र जांच, इसके लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और स्कूल में बाल-सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने का अनुरोध किया।

**एनएचआरसी ने 10 दिन में मांगी रिपोर्ट:** मानवाधिकार आयोग ने अपनी कार्यवाही में कहा है कि शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया पीड़ितों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होते हैं। आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान लिया है। इसमें आगे कहा गया है, रजिस्ट्री को मध्य दिल्ली के डीएम और डीसीपी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराने और आयोग के अवलोकन के लिए 10 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।

# फिर से चमकेगा चांदनी चौक

## सीएम के फटकार के बाद शुरू हुई महा-सफाई अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की शान चांदनी चौक अब जल्द ही अपना पुराना ग्लैमर वापस पाने वाली है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सख्त हिदायत के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया है और लाल किले से फतेहपुरी मस्जिद तक की पूरी सड़क को चमकाने का मेगा प्लान शुरू हो गया है।

शुक्रवार से ही सफाई दस्ते मैदान में उतर गए। हाई-प्रेशर जेटिंग मशीनों से गीली सफाई शुरू हो चुकी है। ग्रेनाइट का फर्श, लाल पत्थर की दीवारें, ग्रिल्स, डस्टबिन, बोलार्ड सब कुछ चमक रहा है। कचरा उठाने का काम भी जोर-शोर से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी ने एक नई एजेंसी को ठेका दे दिया है, जो रोजाना डीप क्लीनिंग करेगी। एमसीडी कचरा उठाएगी। इसका खर्चा शाहजहानाबाद रिडेवलपमेंट कॉर्पोरेशन उठाएगा।

### क्या बोले व्यापारी?

टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चांदनी चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय भार्गव ने बताया कि करोड़ों रुपये खर्च करके इसे हेरिटेज स्ट्रीट बनाया था, लेकिन रखरखाव न होने से ये कचरे और अतिक्रमण का अड्डा बन गया था। अब साफ-सफाई से फिर से रौनक लौटेगी। पुराना ठेका पिछले साल 7 सितंबर को खत्म हो गया था। उसके बाद 14 महीने तक कोई एजेंसी नहीं थी।




**सीएम ने जताई थी नाराजगी :** सितंबर में जब सीएम रेखा गुप्ता खुद चांदनी चौक पहुंची थीं, तो हालात देखकर उन्होंने नाराजगी जताई थी। उन्होंने तुरंत स्त्रष्टष्ट को फटकार लगाई और एमसीडी को सख्ती करने को कहा। तय हुआ कि रजिस्टर्ड रिक्शा सिर्फ 400 ही चलेंगे, लेकिन अभी 2500 से ज्यादा घूम रहे हैं। एमसीडी और ट्रैफिक पुलिस अब छापेमारी करेंगे, अनरजिस्टर्ड रिक्शा जब्त होंगे।

व्यापारी संजय भार्गव ने खुलासा किया, अतिक्रमण हटाने के लिए जॉइंट एन्क्रोचमेंट प्रिवेंशन टीम बनाने की बात हुई थी, लेकिन अभी तक वो टीम बनी ही नहीं।

9 अक्टूबर की मीटिंग में फैसला हुआ था कि दिवाली तक हर रोज चांदनी चौक की वीडियो और फोटो रिकॉर्ड करके सीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी। व्यापारियों के मुताबिक एजेंसी ने ये काम किया और रिपोर्ट भी पहुंचा दी।

**लाल किले के धमाके के बाद सुरक्षा पर भी मीटिंग :** 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए ब्लास्ट के बाद चांदनी चौक और पुरानी दिल्ली के व्यापारियों ने सांसद प्रवीन खंडेलवाल के साथ नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी राजा बंठिया से मुलाकात की। उन्होंने मांग पुरानी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाने, अतिक्रमण हटाने और रिक्शा और ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म करने के निर्देश दिए।

# एमसीडी ने दिल्ली मेट्रो पर ठोका 3.8 लाख रुपये का जुर्माना, प्रदूषण नियमों के उल्लंघन पर ऐक्शन





**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने महरौली-बदरपुर रोड पर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर प्रदूषण रोकने के जरूरी उपाय शुरू नहीं करने पर शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के 3 लाख 80 हजार रुपये के चालान काटे हैं। हालांकि, डीएमआरसी ने एमसीडी के इन दावों खारिज करते हुए कहा था कि उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाला हिस्सा सीमित है। इसके साथ ही उसकी कंस्ट्रक्शन साइट्स पर जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एमसीडी ने बताया कि साउथ और सेंट्रल जोन ने डीएमआरसी को कुल 28 चालान जारी किए, जिनमें नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) कानूनों और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का उल्लंघन शामिल है। इन उल्लंघनों में धूल रोकने के नाकाफी इंतजाम, कंस्ट्रक्शन मटीरियल को ढकने में नाकामी, काम की जगहों पर सही बैरिकेडिंग न होना और धूल को कम से कम फैलाने के लिए जरूरी ऑन-साइट हाउसकीपिंग की कमी शामिल है। वहीं, डीएमआरसी ने एक बयान जारी कर बताया कि दिल्ली मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम प्रोजेक्ट फेज-चार के तहत एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर (लाइन-10) से जुड़े कंस्ट्रक्शन के कामों के लिए पूरे एमबी रोड का सिर्फ 6.58 किमी हिस्सा उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। एमबी रोड के इस हिस्से में कोई फुटपाथ नहीं है और सड़क के बाहर कच्ची जमीन है। डीएमआरसी का काम सड़क के बीच में बैरिकेड्स के अंदर चल रहा है। कुछ जगहों पर, गाड़ियों और पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में आसानी के लिए बैरिकेड्स खोले गए हैं।

डीएमआरसी ने इसके साथ ही यह भी कहा कि एमसीडी द्वारा बताए गए नियमों के उल्लंघन की साइट पर समीक्षा की गई है। डीएमआरसी ने यह भी बताया कि नगर निगमों द्वारा दिए गए डस्टबिन की कमी है और कहा कि स्थानीय निवासी और राहगीर रेगुलर तौर पर अपना मलबा सड़क किनारे फेंक देते हैं, जिसे संबंधित अथॉरिटी हटा नहीं रही है।

# राजधानी में युवक और युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में एक युवक और युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। दोनों शव अलग-अलग पोल नंबर के पास मिले हैं। शुरुआती जांच के बाद पुलिस दोनों ही मामलों को दुर्घटना मान रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान सोनिया विहार निवासी हरिओम (18) के रूप में हुई है। वह दिव्यांग था। पुलिस युवती की पहचान करने में जुटी है। रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि पहली घटना पटेल नगर रेलवे स्टेशन के पास की है। 20 नवंबर की सुबह दिल्ली कैंट रेलवे थाना पुलिस को पटेल नगर ट्रैक पोल नंबर 06/23 के पास एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर साक्ष्य हासिल किए। रेलवे पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। हीं दूसरी घटना बिजवासन रेलवे ट्रैक की है। पुलिस के मुताबिक 20 नवंबर की दोपहर पुलिस को बिजवासन रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 23/16-14 के पास एक युवती का शव पड़े होने की जानकारी मिली। शव ट्रैक के बीच में मिला।

पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके पर बुलाया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतका की उम्र करीब 18 से 20 साल के बीच है। युवती के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस को आशंका है कि वह भी किसी ट्रेन के चपेट में आई है।

# दिल्ली में प्रदूषण से लड़ाई को मिला नया हथियार, राजधानी 10 हजार हीटर बांटेगी रेखा गुप्ता सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण कम करने के लिए नई पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लकड़ी-कोयला जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार आरडब्ल्यूए को सीएसआर सहयोग से 10 हजार इलेक्ट्रिक हीटर वितरित करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया, उनका लक्ष्य है कि दिल्ली के किसी भी ब्लॉक या इलाके में चौकीदार या निवासी लकड़ी-कोयला न जलाएं। सभी आरडब्ल्यूए को जागरूक करेंगे और प्रेरित करेंगे कि उनके क्षेत्र में ऐसा न हो। इलेक्ट्रिक हीटर देकर हम अपने चौकीदारों को ठंड से बचाने के साथ-साथ स्वच्छ विकल्प भी देना चाहते हैं।यह कदम सर्दियों में खुले में जलने वाली अलाव से निकलने वाले धुएं को सरकार को उम्मीद है कि इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पीतमपुरा दिल्ली हाट में रवा और सुरक्षा गार्डों को इलेक्ट्रिक हीटर बांटे।

# फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा एक आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य जिला के एंटी नारकोटिक्स सेल ने पटेल नगर में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। कॉल सेंटर में वाहनों की फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी और इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू कराने के नाम पर भोले-भाले लोगों से ठगी की जा रही थी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान पटेल नगर निवासी खेमचंद (35) के रूप में हुई है। आरोपित खेमचंद के पास से बरामद किया है।

# गंभीर ज्वेलर्स के मालिक की हत्या करने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेशल सेल ने उत्तर प्रदेश के टॉप-10 गैंगस्टर में शामिल सोहराब उर्फ सौरव उर्फ सौरभ को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। सोहराब ने 2016 में संभल से पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के पोते मोहम्मद जायद शकील की हत्या कराई थी। उस पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, फिरौती समेत 30 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी आलाप पटेल ने बताया कि सोहराब उर्फ सौरव ने दिल्ली के कृष्णा नगर में गंभीर ज्वेलर्स के मालिक की हत्या की थी। इस मामले में उसे और उसके भाइयों को उम्रकैद की सजा हुई थी। वह मई 2025 में तिहाड़ जेल से फरलो पर छूटने के बाद फरार हो गया था। इसके बाद उसे कोलकाता के बिधान नगर से गिरफ्तार किया। आरोपी को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि सोहराब ने 2005 में छोटे भाई शहजादा की हत्या का बदला लेने के लिए लखनऊ में हत्या की। वह 2007 में लखनऊ कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। फिर उसने 2 मार्च 2011 को सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट के कर्मचारी सैफ हैदर सैफी की हत्या की। 2013 में अमीनाबाद के पूर्व बीजेपी पार्षद श्याम नारायण पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय की सुपारी देकर हत्या कराई। आरोपी जेल में रहते हुए मुख्तार अंसारी के नाम से लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, इलाहाबाद के व्यापारियों से फिरौती वसूलता था।

# ईरान पर न्यूक्लियर बम से हमला करने वाला था इजरायल, अमेरिका ने रोकी बर्बादी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एक पूर्व सीआईए के अधिकारी ने दावा किया है कि इजराइल ने ईरान पर परमाणु बम से हमला करने का मन बना लिया था, लेकिन ऐन वक्त पर उन्हे रोक लिया गया। यदि ये हमला हो जाता तो भारी नुकसान होता। पूर्व सीआईए अधिकारी जॉन किरियाकू ने एक पॉडकास्ट में कहा कि इस हमले के पीछे असली दबाव इजरायल का था। उसने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका ने ईरान के बंकरों को तबाह नहीं किया तो इजरायल 'न्यूक्लियर हथियार' इस्तेमाल कर सकता है। उनका कहना है कि यह धमकी पहले कभी नहीं दी गई थी और ट्रंप को लगा कि अमेरिका का हमला तीसरे विश्व युद्ध को रोक सकता है। पॉडकास्ट में आगे इस बात की भी चर्चा हुई कि इजरायल ने कभी नहीं माना है कि उसके पास न्यूक्लियर हथियार हैं और आखिर उसने अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने यह मान लिया। इस पर किरियाकू का दावा था कि 1950 के दशक में इजरायल ने इस पर काम शुरू कर दिया और 60-7 के दशक में उसे मिल गया। इस पूरी कार्रवाई को 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' नाम दिया गया था। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने तब कहा थ कि यह एक 'प्रिसिजन स्ट्राइक' थी, जिसे पूरी गोपनीयता के साथ अंजाम दिया गया। इसी ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी पनडुब्बी ने भी इस्फहान में मौजूद एक और न्यूक्लियर साइट पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं। इसके साथ ही नौ दिनों तक चले इजरायली हमलों ने ईरान की हवाई सुरक्षा और सैन्य नेतृत्व को कमजोर कर दिया था। अमेरिका ने जून में ईरान की गहरी अंडरग्राउंड न्यूक्लियर साइट्स पर ऐसा हमला किया जिसे वर्षों से तैयार किया जा रहा था। अमेरिकी पायलटों ने ईरान के फोर्दो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट पर लगभग 15000 किग्रा जीबीयू-57 'मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर' बम गिराए। यह बम जमीन के अंदर 100 मीटर से ज्यादा गहराई में जाकर विस्फोट करने के लिए बनाए जाते हैं और लगभग 15 साल से इनके इस्तेमाल की योजनाएं तैयार की जा रही थीं। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस हमले ने ईरान की न्यूक्लियर क्षमता दिन पूर्व शुक्रवार सुबह 10~38 बजे बांग्लादेश में भूकंप के तेज अफरातफरी मच गई। ढाका ट्रिब्यून हवाले से बताया है कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 रही, जिसका केंद्र नरसिंहद के माधबाड़ी में था। हालांकि विभाग ने इसे मध्यम तीव्रता का भूकंप बताया लेकिन इससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ है।

# जेलेंस्की मंजूरी दें तभी आगे बढ़ेगी शांति योजना

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर ट्रंप का करार



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वाशिंगटन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का एक संभावित रास्ता खोज लिया है, लेकिन इस योजना की दिशा तय करने की अंतिम मंजूरी यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सहमति पर निर्भर करेगी। वॉशिंगटन डीसी में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि चर्चा आगे बढ़ रही है, लेकिन भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्ध को लगभग तीन साल होने को हैं और शांति के नए प्रयासों पर दुनिया की नजरें टिकी हैं। ट्रंप प्रशासन के भीतर फिलहाल शांति योजना पर चर्चा चल रही है, जो अभी मसौदे के रूप में है और इसमें बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रस्ताव कीव के सामने विचार के लिए रखा गया है, लेकिन अंतिम रूप देने से पहले कई चरणों से गुजरेगा। योजना में 28 बिंदु शामिल बताए जा रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे देखने के बाद समर्थन भी दिया है।

**इतिहास का सबसे कठिन समय-जेलेंस्की:** उधर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि देश अपनी इतिहास की सबसे चुनौतीपूर्ण घड़ी में खड़ा है। कीव में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने चेताया कि इस प्रस्ताव पर फैसला बेहद कठिन है क्योंकि इससे या तो देश की गरिमा प्रभावित होगी या एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साझेदार के साथ संबंधों पर असर पड़ेगा। उन्होंने दोहराया कि वे किसी भी कीमत पर यूक्रेन की गरिमा और स्वतंत्रता से समझौता नहीं करेंगे।

**योजना की सबसे विवादित बातें:** चर्चा में शामिल एक पश्चिमी अधिकारी के मुताबिक, प्रस्ताव में पूर्वी डोनबास क्षेत्र से जुड़े विवादित बिंदु शामिल हैं, जिनमें यूक्रेन को कुछ इलाकों पर दावा छोड़ने और अपनी सैन्य क्षमताओं पर सीमाएं स्वीकार करने की बात हो सकती है। बदले में अमेरिका की ओर से सुरक्षा गारंटी दिए जाने की संभावना है। हालांकि यूक्रेन पहले भी ऐसे प्रस्तावों को खारिज कर चुका है।

**दोनों पक्षों को समझौता करना होगा:** अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, अभी जो भी बिंदु सामने आ रहे हैं, वे अंतिम नहीं हैं। कई ऐसे प्रावधान, जो फिलहाल रूस की मांगों के अनुरूप दिखते हैं, आने वाले दौर की बातचीत में बदल सकते हैं। उनका कहना है कि किसी भी अंतिम शांति समझौते के लिए रूस और यूक्रेन दोनों को कुछ न कुछ समझौते करने होंगे।।योग के एक नई रिपोर्ट में चीन की इस फ्लाईव्हील्स का नाम दिया गया है यानी एक क्षेत्र की प्रगति एक साथ कई हाई-टेक सेक्टर में कामयाबी दिलाती है। अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई यह रिपोर्ट चेताती है कि चीन की यह रणनीति वैश्विक प्रौद्योगिकी संतुलन को बिगाड़ सकती है। यदि अमेरिका और अन्य देश समन्वित तरीके से चीन का जवाब नहीं देते, तो वे चीन से पीछे छूट सकते हैं।

**युद्ध को खत्म करने की कोशिश:** मसौदा यह दर्शाता है कि वाशिंगटन एक बार फिर युद्ध खत्म करने की दिशा में सक्रिय रूप से मध्यस्थता करना चाहता है। फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद यह संघर्ष पूरी तरह से युद्ध में बदल गया था, जिसके बाद कई कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अब अमेरिकी प्रशासन की यह पहल संघर्ष समाप्त करने का एक नया प्रयास मानी जा रही है।

**असहमति के बिंदु पहले भी सामने आ चुके:** कुछ प्रावधान, विशेषकर उन क्षेत्रों से जुड़े जहां रूस का पूर्ण नियंत्रण नहीं है, पहले ही जेलेंस्की सरकार खारिज कर चुकी है। यूक्रेन का रुख स्पष्ट है कि उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर किसी बातचीत की गुंजाइश नहीं है।

### प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में सीधी जिला चयनित

# किसानों की समृद्धि हमारा सर्वोच्च लक्ष्य: नोडल अधिकारी

## नोडल अधिकारी श्री किरण गोपाल ने दिए तेज और ठोस कार्ययोजना के निर्देश

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कृषि-प्रधान भारत को सशक्त बनाने की दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए सीधी जिला प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में शामिल किया गया है। छह वर्ष की अवधि में प्रतिवर्ष 24,000 करोड़ रुपये के निवेश से संचालित यह योजना देश के 100 चयनित जिलों में कृषि बदलाव का नया अध्याय जोड़ने जा रही है। योजना का लक्ष्य किसानों की आय वृद्धि, फसल विविधता, सिंचाई और भंडारण क्षमता में विस्तार, ऋण सुविधाओं में सुधार तथा कृषि व संबद्ध गतिविधियों में आधुनिकता लाना है। इससे देशभर के लगभग 1.7 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।





जिले के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी आईएएस श्री किरण गोपाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि हर किसान को आधुनिक तकनीक, सिंचाई सुविधा, भंडारण व्यवस्था और बहुआयामी आय के अवसर मिलें। सीधी जिला इस परिवर्तन यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के लागू होने से सीधी जिले में उत्पादकता में तेज वृद्धि, सिंचाई व भंडारण अवसंरचना में बड़े सुधार, फसल विविधता और आधुनिक तकनीक का प्रसार, ग्राम स्तर पर रोजगार व आजीविका के अवसर, किसानों की स्थायी और बहुआयामी आय वृद्धि जैसे बदलाव तेज गति से देखने को मिलेंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बेसलाइन सर्वे युद्धस्तर पर पूरा किया जाए ताकि किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझकर योजना बनाई जा सके। फसल पैटर्न, जल उपलब्धता और स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के आधार पर जमीनी हकीकत पर आधारित कार्ययोजना तैयार की जाए। योजना ऐसी बनाई जाए कि सीधी का हर किसान परिवर्तन के लाभ को प्रत्यक्ष महसूस करे। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित समयसीमा में केंद्रीय पोर्टल पर कार्ययोजना अपलोड करें। कृषि, पशुपालन, मत्स्य, मधुमक्खी पालन, उद्यानिकी एवं कृषि-वानिकी जैसे क्षेत्रों को विशेष महत्व दिया जाए ताकि बहुमुखी आय वृद्धि संभव हो।

बैठक में मौजूद कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सीधी जिला इस योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश और देश के लिए मॉडल जिला बनकर उभरेगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय करें। योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। जिलास्तर पर किसानों से अधिकाधिक संवाद कर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। डिजिटल डैशबोर्ड के लिए डेटा अपलोड समय पर और सटीक किया जाए। फील्ड विजिट बढ़ाई जाए और जमीनी स्तर पर कार्यों का सत्यापन अनिवार्य तौर पर किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना किसानों की आर्थिक समृद्धि, ग्रामीण विकास और आधुनिक कृषि के लिए वरदान साबित होगी। जिला प्रशासन हर किसान तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर प्रियल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, उपसंचालक कृषि राजेश सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड शिक्षक का शव डैम में मिला चार दिन से लापता थे, 2 साल से डिप्रेशन से पीड़ित थे; सुसाइड की आशंका

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** बैढ़न थाना क्षेत्र में चार दिन से लापता 65 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक भुवनेश्वर प्रसाद पांडे का शव शुक्रवार सुबह रिहंद डैम में मिला। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है और मामले की जांच कर रही है। शव घर से करीब 20 किलोमीटर दूर मिला, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। परिजनों ने 19 नवंबर को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। खुटार चौकी पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। चौकी प्रभारी शीतला यादव के अनुसार, 21 नवंबर को मृतक के जूते विंध्यनगर क्षेत्र में मिले थे, जिसके बाद रिहंद डैम के आसपास तलाशी अभियान तेज किया गया था।

शनिवार सुबह डैम में शव दिखाई दिया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराई। शव मिलने की खबर से बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए।

**रिटार्यड टीचर की डिप्रेशन की दवाएं ले रहे थे:** परिजनों ने बताया कि भुवनेश्वर प्रसाद पांडे पिछले दो वर्षों से डिप्रेशन से पीड़ित थे और भोपाल के एक मनोचिकित्सक से उनका इलाज चल रहा था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या मौत किसी अन्य कारण से हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है: पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## ‘मिशन सुरक्षित यात्रा’ अभियान, 10.59 लाख रुपए वसूले; बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने ‘मिशन सुरक्षित यात्रा: हर मुसाफिर सुरक्षित, हर यात्रा सुरक्षित’ अभियान चलाया। इस दौरान जिला प्रशासन के निर्देश पर विभागीय टीमों ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की। अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 10 लाख 59 हजार 800 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में चेक पॉइंट प्रभारियों और उनकी टीमों ने विशेष रूप से भारी वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच पर जोर दिया। विभाग ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के लिए ऐसे अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, अभियान समाप्त होने के बाद इसकी निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं।

जिले में अक्सर यह देखा गया है कि अभियान के दौरान तो यातायात व्यवस्था सुधर जाती है, लेकिन अभियान खत्म होते ही ओवरलोडेड ट्रक, बिना फिटनेस वाले वाहन और रात में बिना रिफ्लेक्टर वाले भारी वाहन फिर से सड़कों पर दौड़ने लगते हैं। वसूले गए जुर्माने की बड़ी रकम यह दर्शाती है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों की संख्या अभी भी काफी अधिक है।

## कार्यालय का मुख्य गेट बंद, अधिकारियों में नाराजगी बैढ़न जनपद में सीईओ का आदेश विवादों में; परिसर में नहीं लगने दिए वाहन

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** बैढ़न जनपद पंचायत परिसर में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग रोकने के लिए जनपद सीईओ अजीत सिंह का आदेश विवादों में आ गया है। उनके निर्देश पर शुक्रवार सुबह मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया।




गेट बंद होने के कारण परिसर में आने वाले कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी गाड़ियां अंदर नहीं ले जा पाए, जिससे वे नाराज होकर वापस लौट गए। बताया जा रहा है कि इंजीनियरों सहित कई अधिकारियों के कार्यालय न पहुंचने से कई विभागों में कुर्सियां खाली रहीं और कामकाज प्रभावित हुआ।

**एग्जीक्यूटिव इंजीनियर वापस लौटे:** इस घटनाक्रम में विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मनोज बाथम का मामला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। वे गेट तक पहुंचे लेकिन वाहन भीतर न जाने देने पर वापस लौट गए।

हालांकि, बातचीत में ईई बाथम ने स्पष्ट किया कि ‘मैं गेट बंद होने से नहीं लौटा, मुझे फील्ड में जरूरी काम था। इसलिए कार्यालय नहीं जा सका।’ गेट बंद करने की जिम्मेदारी संभालने वाले बसंत लाल ने बताया कि यह आदेश सीधे सीईओ की ओर से आया है।

**अपनी कार भी बाहर रखेंगे:** जनपद सीईओ अजीत सिंह ने कहा कि वे फिलहाल भोपाल में हैं। परिसर के अंदर वाहनों की अत्यधिक भीड़ से हितग्राहियों को बैठने की जगह नहीं मिलती, इसलिए उन्होंने केवल बाहर पार्किंग सुनिश्चित कराने को कहा है। वे अपनी गाड़ी भी बाहर ही रखेंगे ताकि व्यवस्था बनी रहे। कर्मचारियों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के ऐसा कदम उठाने से उनके सम्मान को ठेस पहुंची है। परिसर में पार्किंग को लेकर माहौल गर्म है और इस आदेश की मंशा तथा इसे लागू करने के तरीके पर चर्चा जारी है।

## कलेक्टर ने बच्चों की क्लास ली, जेईई-नीट कोचिंग की तैयारियों का जायजा लिया; सफलता के टिप्स दिए




**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** आगामी एनटीपीसी-सहयोगित नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर गौरव बैनल ने छात्रों से संवाद किया। बैढ़न स्थित शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्होंने 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को जेईई-नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के टिप्स दिए।

जिले में यह विशेष तैयारी कार्यक्रम पहली बार एनटीपीसी और चैतन्य अकादमी के संयुक्त प्रयास से शुरू किया जा रहा है। मॉडल स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और कन्या विद्यालय के मेधावी छात्रों का चयन कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसका शुभारंभ अगले सप्ताह मंगलवार को होगा।

**कॉन्सेप्ट स्पष्ट करने पर ध्यान दें:** कलेक्टर बैनल ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि कक्षाएं पूरी सकारात्मक ऊर्जा के साथ संचालित हों। उन्होंने हर विषय में कॉन्सेप्ट स्पष्ट करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों से अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए और अन्य इच्छुक छात्रों को भी इस पहल से जोड़ा जाए।

## सात दिन से धधक रहा एससीईएल कोल यार्ड करोड़ों का कोयला जला, कर्मचारी बोले- प्रबंधन की लापरवाही; न पानी उपलब्ध, न फायर बिग्रेड

**मीडिया ऑडिटर, शहडोल (निप्र)।** सोहागपुर क्षेत्र में एससीईएल की बंगवार अंडरग्राउंड माइंस के बंकर कोल यार्ड में पिछले सात दिनों से आग लगी हुई है। लगातार सुलग रहे इस कोल यार्ड से उठता धुआं पूरे माइंस क्षेत्र में फैल रहा है। आग के कारण लाखों टन कोयला हर दिन राख में बदल रहा है, जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।



**प्रबंधन की ढिलाई, न पानी उपलब्ध न अग्निशमन दल:** स्थानीय कर्मचारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना पहले ही दिन प्रबंधन को दे दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। कोल यार्ड में पानी का टैंकर खाली पड़ा मिला और न ही मौके पर अग्निशमन दल बुलाया गया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें सिर्फ ‘निगरानी करने’ का निर्देश दिया गया, जबकि आग लगातार फैलती रही।

**एक सप्ताह से बढ़ती जा रही आग:** कोयले की निचली परतों में सुलगन और तेज गर्मी के कारण आग पिछले एक सप्ताह में कई हिस्सों में फैल चुकी है। कोयले को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया भी अब तक शुरू नहीं हुई है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही, सेक्टर अधिकारी के वेतन-भत्ते में 15 दिवस की कटौती

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के कार्य में लापरवाही बरतने पर रामायण प्रसाद द्विवेदी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ अधिकारी अमिलिय एवं विधानसभा क्षेत्र 78 सिहावल के सेक्टर अधिकारी क्रमांक-5 के माह नवम्बर 2025 के वेतन एवं भत्तों में 15 दिवस की कटौती के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 78 सिहावल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि एसआईआर अंतर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक डोर-टू-डोर सर्वे कर निर्वाचकों की जानकारी का सत्यापन किया जाना है।

## नवजात की मौत पर सिविल सर्जन को नोटिस,स्थिति बिगड़ने पर भी रीवा रेफर नहीं किया; कलेक्टर ने लापरवाही मानते हुए मांगा स्पष्टीकरण

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती परित्यक्त नवजात बच्ची की मौत के मामले में प्रशासन ने सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने प्रथमदृष्टया लापरवाही पाए जाने पर यह कार्रवाई की।




जानकारी के अनुसार, सिविल सर्जन ने बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को पत्र लिखकर बताया था कि नवजात की हालत बेहद गंभीर है और उसे मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया जाना आवश्यक है। समिति ने चिकित्सक की राय के आधार पर तत्काल आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने और बच्ची को रीवा भेजने के निर्देश भी जारी किए थे।

इसके बावजूद नवजात को मेडिकल कॉलेज रीवा नहीं ले जाया गया और उसका इलाज जिला अस्पताल में ही चलता रहा। स्थिति बिगड़ने पर बच्ची की मौत हो गई। प्रशासन ने इसे स्पष्ट लापरवाही मानते हुए जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कलेक्टर सोमवंशी ने सिविल सर्जन से पूछा है कि जब स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, तब भी नवजात को समय पर रीवा रेफर क्यों नहीं किया गया। उन्हें 21 नवंबर 2025 तक सभी चिकित्सकीय कागजातों सहित विस्तृत स्पष्टीकरण और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रशासन ने कहा है कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही साबित होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर; जयसिंह नगर में मोटू ढाबा के पास हादसा

**मीडिया ऑडिटर, शहडोल (निप्र)।** जयसिंह नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार हरिशंकर द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी शहजाद खान गंभीर रूप से घायल हो गए।

**बरहा लौट रहे थे युवक:** पुलिस के अनुसार, हरिशंकर द्विवेदी और शहजाद खान अपनी बाइक से बरहा लौट रहे थे। तभी जयसिंह नगर से गोहपारू की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने मोटू ढाबा के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिशंकर की मौके पर ही मौत हो गई। शहजाद का उपचार अस्पताल में जारी है।

**कार चालक फरार, पुलिस ने मामला दर्ज किया:** हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया। हरिशंकर द्विवेदी का पोस्टमॉर्टम आज सुबह किया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और उनके रो-रोकर बुरा हाल था।

## वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के ग्राम पटना में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए बघवार स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया, जहां उसे भर्ती किया गया है। घायल की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी काफी दूर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शी प्रेमनाथ दुबे ने बताया, ‘मैं सड़क किनारे से बघवार की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हमने तुरंत लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिली है और घायल को इलाज के लिए रीवा भेजा गया है।

# सीधी विधानसभा के 5 बीएलओ सम्मानित, एसआईआर कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र प्रदान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी के पाँच बीएलओ ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूरा कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके इस सराहनीय योगदान के लिए सभी को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।





सम्मानित बीएलओ में मतदान केंद्र 283 बमुरी की नीतू दुबे, मतदान केंद्र 45 रोझौहा की ममता सिंह, मतदान केंद्र 243 रामपुर के प्रेमसागर शर्मा, मतदान केंद्र 33 अमरवाह के गोविन्द प्रताप सिंह चौहान, तथा मतदान केंद्र 241 वार्ड 24 सीधी के इजरान मंसूरी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण डिजिटाइजेशन कार्य कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी. पाण्डेय तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 77 सीधी राकेश शुक्ला ने सभी बीएलओ की मेहनत और कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने बताया कि इन बीएलओ के समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप सीधी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर डिजिटाइजेशन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण किया जा चुका है।

अपर कलेक्टर ने शेष कार्य को समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए अन्य बीएलओ एवं अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सटीक और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की ताकत है, इसलिए सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मझौली आर.पी. त्रिपाठी, उपखंड अधिकारी चुरहट शैलेष द्विवेदी, खनिज अधिकारी कपिल शुक्ला, तथा तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

# जिले में डीएलसीसी और डीएलआरसी की तिमाही बैठक हुई सम्पन्न

## कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता पर दिया विशेष जोर






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में विकासोन्मुख वित्तीय गतिविधियों को तेज़ गति देने और बैंकों तथा सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से डीएलसीसी/डीएलआरसी की तिमाही बैठक जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, आरबीआई एलडीओ अविनाश टोप्पो, जीएम डीटीआईसी कश्यप, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, सरकारी प्रायोजित एजेंसियों के प्रतिनिधि और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत एलडीएम संजीव पाटिल द्वारा सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए की गई, जिसके बाद वित्तीय समावेशन और जिला स्तरीय विकास योजनाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीडी अनुपात की स्थिति, प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण प्रवाह की उपलब्धि, वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के लक्ष्य और प्रगति, सरकारी प्रायोजित योजनाओं के लंबित प्रकरण, निष्क्रिय खातों की संख्या, डीईएएफ यानी अवमूल्यित एवं निष्क्रिय जमा खातों की स्थिति और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बैठक में बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी प्रायोजित योजनाओं के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें ताकि जिले के अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिन बैंकों का सीडी अनुपात 40% से कम है वे तत्काल प्रभाव से सुधार की दिशा में कदम उठाएं और जिले में कृषि, लघु उद्योग, स्व-सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के लिए ऋण वितरण को प्राथमिकता दें।

उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय गतिविधियों की मंद गति जिले के विकास में बाधा बन सकती है, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बैठक के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि बैंक शाखाएं ग्राम स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम बढ़ाएं, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की दिशा में अभियान चलाएं और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर वित्तीय समावेशन को मजबूत करें। बैठक के अंत में एसबीआई मनेंद्रगढ़ के चीफ मैनेजर उदय सिंह लोधी ने सभी अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और एजेंसियों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी तिमाही में और बेहतर उपलब्धियों का भरोसा दिलाया। जिले की यह तिमाही समीक्षा बैठक समन्वय, पारदर्शिता और लक्ष्य आधारित कार्यशैली को मजबूत बनाते हुए वित्तीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## कागजों में गौशाला, उकायला की बंशी बाली गौशाला में एक भी गाय नही; फर्जीवाड़े पर कार्रवाई की मांग



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले करेरा तहसील की ग्राम पंचायत उकायला के अंतर्गत आने वाली बंशी बाली गौशाला की स्थिति अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है। यह गौशाला केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित है, जबकि वास्तविकता यह है कि गौशाला परिसर में एक भी गौमाता मौजूद नहीं है। बड़े दुख की बात है कि गौमाता के नाम पर मासिक मोटी रकम का सरकारी बजट लगातार निकाला जा रहा है, जिससे स्पष्ट होता है कि यह गौशाला संचालन के नाम पर बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

जयरावन समेत समस्त ग्रामीण इस स्थिति से अत्यधिक निराश और आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में भी शिवपुरी जिले के करैरा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बांदिल और करैरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार को इस गंभीर विषय से अवगत कराया था, लेकिन आज तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे प्रशासनिक उदासीनता साफ झलकती है।

समस्त ग्रामीणों का यह अनुरोध और निवेदन है कि ऐसे फर्जी गौशाला संचालकों के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह है कि वे इस मामले की गहन और गंभीरता से जांच करें। जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि जब गौशाला में गायें ही नहीं हैं और न ही उनके लिए कोई चारा या व्यवस्था की गई है, तो फिर किस आधार पर कागजों में खनिज पूर्ति दिखाकर सरकारी बजट का गबन किया जा रहा है।

गौशाला के नाम पर कागजों में पैसा खा रहे और जमीन पर काम न कर रहे इन लोगों को चिन्हित करके उन पर भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई की जानी चाहिए। जयरावन गांव के सभी ग्रामीण मांग करते हैं कि इस गौशाला की पूरी जानकारी इकट्ठी की जाए और फर्जी तरीके से इसे चला रहे संचालकों के खिलाफ अधिकारियों द्वारा अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि गौमाता के नाम पर हो रहे इस पाप को रोका जा सके।

## मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के संबंध में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** नगर पालिका की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अनुसार दिये गये निर्देशों के पालन में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संयुक्त कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी.गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में नगर पालिका की फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी.गुप्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई।

## पनिका सामुदायिक भवन की सौगात से गद गद पनिका समाज




**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (निप्र)।** पनिका समुदाय के वर्षों पुराने सपने को साकार करते हुए पनिका सामुदायिक भवन का भव्य उद्घाटन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं चिरमिरी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री श्याम बिहारी जयसवाल द्वारा किया गया। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने पर पनिका समाज में हर्ष और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। चिरमिरी के जनजीवन में महत्वपूर्ण वर्चस्व रखने वाले इस समाज ने नए सामुदायिक भवन को अपनी बड़ी उपलब्धि और सम्मान के रूप में स्वीकार किया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री जयसवाल ने कहा कि समाज की संगठित शक्ति ही किसी क्षेत्र के विकास की असली पहचान होती है। उन्होंने भवन निर्माण को पनिका समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामूहिक गतिविधियों को नई दिशा देने वाला कदम बताया। अपने संबोधन में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में साझा की और बताया कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है।

कार्यक्रम में मंत्री जयसवाल ने क्षेत्र के लिए लाखों रुपये के अन्य जनउपयोगी कार्यों की घोषणाएँ भी कीं, जिनका उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ स्वागत किया। पनिका समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री धरम प्रकाश परेवा ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन न केवल समुदाय के लिए एक स्थायी धरोहर है, बल्कि मंत्री जी के अपनत्व और सहयोग का जीवंत उदाहरण भी है।

उद्घाटन समारोह में छोटा बाज़ार क्षेत्र समेत चिरमिरी के विभिन्न इलाकों से सैकड़ों की संख्या में पनिका समाज के पदाधिकारी, सदस्य और परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन और व्यवस्थापन में पनिका समाज युवा मंच की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। मंत्री सहित जनमानस ने मंच द्वारा किए गए उत्तम आयोजन की प्रशंसा की।

## नगरपालिका धरने से टेंट गायब, पार्षदों ने प्रशासन पर लगाया विरोध दबाने का गंभीर आरोप

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** नगर पालिका परिसर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहा विरोधी पार्षदों का धरना उस समय एक नए मोड़ पर आ गया जब धरने का टेंट शुक्रवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। लगभग चार महीने पहले शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा को पद से हटाने और भ्रष्टाचार के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। टेंट गायब होने की सूचना मिलते ही पार्षदों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सीधे तौर पर प्रशासन पर मनमानी, व्यापक भ्रष्टाचार और उनके विरोध को बलपूर्वक दबाने का आरोप लगाया। इस घटनाक्रम पर नगर पालिका प्रशासन ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ़ सामूहिक शपथ और इस्तीफ़े:** इस विरोध की जड़ें चार महीने पहले करैरा के बगीचा सरकार हनुमान मंदिर में जमीं, जहाँ लगभग 18 पार्षदों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ़ अपनी लड़ाई जारी रखने की सामूहिक शपथ ली थी। इसके तुरंत बाद, उन्होंने अपने सामूहिक इस्तीफ़े कलेक्टर को सौंपे, हालांकि उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। इसके बावजूद पार्षदों ने हार नहीं मानी और अपने-अपने वार्डों में सड़क निर्माण, गिट्टी, मोरम और कट्टल खरीद से जुड़े कथित घोटालों का सिलसिलेवार खुलासा किया। इन मामलों की जाँचें तो हुईं, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पार्षदों की नाराज़गी चरम पर पहुँच गई। अपनी बात ऊपर तक पहुँचाने के लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष का पुतला भी फूंका, लेकिन जब उनकी सुनवाई नहीं हुई, तो यह विरोध प्रदर्शन अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया।

**रातों-रात टेंट हटाकर विरोध को कुचलने का प्रयास:** भाजपा पार्षद नीलम बघेल ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पार्षद कार्यकाल में ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने स्पष्ट आरोप लगाया कि नगर पालिका में हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है और जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। बघेल ने ज़ोर देकर कहा कि उन्हें मजबूरी में धरने पर बैठना पड़ा, लेकिन प्रशासन को यह भी रास नहीं आया और रातों-रात टेंट हटवा दिया गया। उन्होंने घोषणा की है कि अब वे ज़मीन पर बैठकर अपना धरना जारी रखेंगे। कांग्रेस पार्षद संजय गुप्ता ने बताया कि उन्हें देर रात टेंट गायब होने की खबर मिली। मौके पर जाकर उन्होंने देखा कि टेंट पूरी तरह से गायब था। उन्होंने तुरंत सीएमओ और टेंट संचालक को फ़ोन किया, लेकिन किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया।

## भदैयाकुंड पर हुआ श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शिवपुरी शहर में स्थित ऐतिहासिक एवं रमणीय पर्यटन स्थल भदैयाकुंड पर शनिवार की सुबह स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका शिवपुरी की टीम, सीआरपीएफ जवान तथा स्थानीय नागरिक, गणेशा ब्लेस्ड स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने का संदेश देना रहा।

सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान करते हुए परिसर में सफाई की तथा प्लास्टिक अपशिष्ट और कचरे को हटाने का कार्य किया। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने भी सक्रिय रूप से श्रमदान में भाग लेकर उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्थानों तथा पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान को निरंतर चलाने का संकल्प लिया और सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने का आग्रह किया।

## खनिज अधिकारी को जान से मारने की धमकी

### रेत परिवहन के दौरान मालिक की गाली-गलौज, थाने में की लिखित शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़ में खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर को अवैध रेत परिवहन रोकने के दौरान जान से मारने की धमकी मिली है। ट्रैक्टर मालिक ने अधिकारी से अभद्र व्यवहार किया और ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी को थाने बुलाया है।

खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर ने बताया कि सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपने मालिक को बुला लिया। जब मानकर ने रेत के संबंध में पूछताछ की, तो ट्रैक्टर मालिक उदय सिंह ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और ट्रैक्टर लेकर भाग गया।

मानकर ने इस घटना की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कार्रवाई की मांग की गई। सिटी कोतवाली प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि खनिज अधिकारी की शिकायत पर आरोपी उदय सिंह को थाने बुलाया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की जाएगी।

# बीएलओ ने वार्डों में घर-घर पहुंचकर गणना पत्रक किए एकत्रित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मनेंद्रगढ़ नगर क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक एकत्र करने का कार्य तेजी से जारी है। वार्ड क्रमांक 11 में बीएलओ शारदा ताम्रकार ने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चंदा यादव और अनीता यादव के गणना पत्रक प्राप्त किए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 19 में बीएलओ शांति को ने मौके पर पहुंचकर राजकुमारी साहू और सुरेश साहू के गणना पत्रक वापस लिए। वार्ड क्रमांक 20 के बूथ क्रमांक 02 में भी बीएलओ दीपू रजक ने सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए, सपन सरकार और बेनिभूषण सरकार के साथ ही बिना बघेल पति विनोद बघेल के गणना पत्रक एकत्र किए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ क्षेत्र में सक्रिय हैं और मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए लगातार घर-घर सर्वे कर रहे हैं। अभियान के दौरान संबंधित बीएलओ नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें , किसी भी अनजान व्यक्ति को हझक्क या व्यक्तिगत जानकारी न देने और सभी प्रक्रियाओं के लिए केवल आधिकारिक चैनलों का उपयोग करने की अपील भी कर रहे हैं। नगर क्षेत्र में चल रही यह गतिविधि मतदाता सूची को अधिक सुव्यवस्थित और सटीक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे आगामी चुनाव में सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके।

## ई-टोकन प्रणाली से जिले में उर्वरक वितरण कार्य प्रभावी रूप से जारी, रविवार का रहेगा अवकाश

**शिवपुरी।** जिले में किसानों को उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने हेतु ई-टोकन आधारित प्रणाली के माध्यम से कार्य संचालित किया जा रहा है। रविवार 23 नवम्बर को पंजीयन एवं उर्वरक वितरण कार्य एक दिवस के लिए अवकाश पर रहेगा। यह कार्य सोमवार से पुन: प्रारंभ होगा। उपसंचालक कृषि ने बताया कि 7 नवंबर 2025 से ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया था। इसके बाद 10 नवंबर से कृषकों को एसएमएस माध्यम से टोकन भेजकर उर्वरक वितरण का कार्य आरंभ किया गया। इस प्रणाली के माध्यम से जिले में अब तक 55,433 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीयन किया जा चुका है। वहीं, 28,103 किसानों को टोकन प्राप्त कर उर्वरक वितरण कराया जा चुका है।

## बैराड पुलिस द्वारा 56 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब जप्त कर आरोपी बहादुर रजक को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाने के निर्देश दिये गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले व एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में 21 नवंबर को रात्रि में थाना बैराड पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बरोद रोड नदी के पास देशी प्लेन शराब के क्वाटर बैच रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम गठित कर रवाना किया गया एवं मुखबिर के बताये स्थान बरोद रोड नदी के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति दिखा जिसे घेर कर पकडा एवं नाम पता पूँछा तो उसने अपना नाम बहादुर रजक पुत्र भरोसी रजक उम्र 47 साल निवासी ऊंची बरोद थाना बैराङजिला शिवपुरी का होना बताया। उसके कब्जे से देशी प्लेन शराब की सात पेटियों मे 316 क्वाटर जप्त किये गये। आरोपी से शराब रखने व विक्री करने का लायसेन्स चाहा तो न होना बताया। आरोपी का यह कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का दण्डनीय पाया जाने से शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया ।

बरामद माल - देशी प्लेन शराब के 316 क्वाटर कुल 56 लीटर शराब कीमती 31660 रुपये

इनकी रही भूमिका :- निरी सुरेश शर्मा, सउनि सोवरन सिंह सिसौदिया, आर. 1058 राजेन्द्र प्रसाद, आर. 1093 गिर्राज त्यागी, आर. 1101 चेतन राठौर, मआर. 1072 नेहा शुक्ला।

# खरगोन एसपी ने कसरावद थाने का निरीक्षण किया

## बीट सिस्टम जाना और वारंटी फाइल देखी; टीआई को गश्त की हिदायत

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन एसपी रवींद्र वर्मा ने गुरुवार को कसरावद थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीट सिस्टम की कार्यप्रणाली समझी और वारंटी फाइलों की जांच की। एसपी ने पुलिसकर्मियों के टर्न आउट का अवलोकन किया। उन्होंने थाने के आपराधिक रिकॉर्ड की भी समीक्षा की। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन को बीट प्रणाली और कांबिंग गश्त को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**महिला अपराधों और लंबित मामलों पर निर्देश :** निरीक्षण के दौरान वर्मा ने महिला अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने फरार वारंटियों और लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने और जनता के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने की भी सीख दी।

**थाने में उपलब्ध संसाधनों का जायजा:** एसपी ने थाने में मौजूद हवालात, बलवा ड्रिल सामग्री, शस्त्रागार और रोजनामचा संधारण सहित उपलब्ध संसाधनों की जांच की। उन्होंने रिकॉर्ड शाखा का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने टीआई से फरार अपराधियों की धरपकड़, कोर्ट सम्मन और वारंट तामीली



के संबंध में जानकारी ली। महिला, बालिका और अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़े मामलों की समीक्षा के दौरान जांच अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित केसों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कोर्ट चालान पेश किए जाएं।

# बुलेट से फोड़े पटाखे, बुजुर्ग महिला घबराहट में गिरी, सागर में थाने के सामने हुड़दंग

## पुलिस ने पीछा कर 3 युवकों को पकड़ा, बाइक जब्त

**सागर, एजेंसी।** सागर के मोतीनगर थाने के सामने शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार बुलेट चालक ने मॉडिफाई साइलेंसर से पटाखे जैसी तेज आवाज निकाली। इस तेज आवाज से सड़क पर जा रही एक बुजुर्ग महिला घबराकर गिर गई। घटना को देखते ही थाने के गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत पीछा किया और घेराबंदी कर बुलेट सवार तीन युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने बुलेट जब्त कर ली है और जुर्माने की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार रात मोतीनगर चौराहे पर थाने के सामने से एक बिना नंबर प्लेट की बुलेट तेज रफ्तार में गुजरी। इस पर तीन युवक सवार थे। उन्होंने अचानक गाड़ी के साइलेंसर से पटाखे जैसी तेज आवाज निकाली।

**आवाज सुनकर सड़क पर मची अफरा-तफरी:** पटाखों की तेज आवाज सुनकर मौके पर




अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर जा रही एक बुजुर्ग महिला इस आवाज से इतनी घबरा गई कि वह सड़क पर ही गिर पड़ी।

**पुलिस ने थाने में कराया डेमो:** घटना को देखकर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर बुलेट को पकड़ लिया और युवकों को थाने ले आई। जांच में बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर लगा मिला। पुलिस ने युवकों से थाने में ही बुलेट चालू कराकर मॉडिफाई साइलेंसर से पटाखा फोड़ने का तरीका पूछा और डेमो लिया। मामले में मोतीनगर पुलिस ने बुलेट जब्त कर ली है और युवकों को थाने में बैठाया है। उल्लेखनीय है कि मॉडिफाई साइलेंसर प्रतिबंधित है, इसके बावजूद शहर में बुलेट गाड़ियों में लोग इसे लगवा रहे हैं। पुलिस ने अब इन पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंदसौर पुलिस ने कुएं में गिरे व्यक्ति को बचाया

## देर रात चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर की थाना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवारङ्कशनिवार की दरमियानी रात अपनी तत्परता और सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए एक व्यक्ति की जान बचाई है।रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को कोर्ट रोड स्थित पानी की बावड़ी के पास एक युवक मदद की गुहार लगाते हुए मिला। उसने बताया कि उसका साथी पास ही बने कुएं में गिर गया है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की मोबाइल टीम और गस्त कर रहे जवान तत्काल मौके



पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और रस्सी की मदद से कुएं में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। करीब 45 मिनट से अधिक समय तक कुएं के अंदर फंसे रहने के कारण स्थिति गंभीर हो चुकी थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

बचाए गए व्यक्ति की पहचान घनश्याम अघोरी, निवासी डिगाव, के रूप में हुई है। बताया गया कि वह पूजा करने के लिए यहां आया था और अचानक कुएं में गिर जाने से फंस गया था। इस बेहतर कार्य में थाना कोतवाली में पदस्थ पी.एस. राठौड़, उप निरीक्षक संदीप मौर्य, FRV के जवान रंजीत, आरक्षक हरीश राठौड़ शामिल रहे। टीम के संयुक्त प्रयास से व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचाई जा सकी।

# रतलाम में दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चलते ट्राले में घुसी कार

**रतलाम, एजेसी।** रतलाम से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। यहां चलते ट्राले में पीछे से एक तेज रफ्तार कार जा घुसी। हादसे में कार में सवार पति-पत्नी और दो बच्चों समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह परिवार गुजरात के सूरत से नोएडा एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। हादसा रतलाम जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में सुबह करीब 9 बजे हुआ। काजलिया पाड़ा स्थित जामण नदी के पास आगे चल रहे एक ट्राले में पीछे से आ रही अर्टिगा कार (लक्ष्र 05 ऋक 142) घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**सूरत के सिल्क कपड़ा व्यापारी हैं घायल:** कार में सूरत (गुजरात) के सिल्क कपड़ा व्यापारी अपने परिवार के साथ



सवार थे। घायलों की पहचान साहिल कुमार (38) पिता संजय कुमार साध, उनकी पत्नी स्वेनका (35), बेटा शनय (15) और छोटा बेटा श्यान (4) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई (NHAI) की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। टीम ने कार से घायलों को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उनका उपचार जारी है।

# बच्चों के लिए कपड़े लेने निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, बाइक बदरवास में बरामद

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी( निप्र )।** शहर के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा सॉल्वेंट के पास एक 27 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान रामकुमार परिहार पुत्र नंदराम परिहार, निवासी बदरवास के रूप में हुई है। देहात थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है, वहीं मृतक की बाइक बदरवास में मिली है, जिससे मामला और भी उलझ गया है।

जानकारी के अनुसार, रामकुमार परिहार शुक्रवार को अपने बच्चों के लिए सर्दी के कपड़े लेने की कहकर घर से निकले थे। परिजनों ने बताया कि वह दोस्तों के साथ शिवपुरी आया था। हालांकि, रात भर वह घर नहीं लौटे। शनिवार सुबह देहात थाना पुलिस को शारदा सॉल्वेंट के पास एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और परिजनों को फोन पर सूचना दी। शिवपुरी पहुंचे परिजनों ने रामकुमार की शिनाख्त की।

**पुलिस जांच में जुटी:** युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इस पर अभी रहस्य बना हुआ है। देहात थाना पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। युवक का शव शहर के पास मिला है, जबकि उसकी बाइक बदरवास में बरामद हुई है। यह विरोधाभास पुलिस के लिए एक बड़ा सुराग हो सकता है। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही मौत के कारणों का पता लगा लेंगे।

# शहडोल के पलहा गांव में युवक ने किया सुसाइड

## घर के पास पेड़ पर लटका मिला शव

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के पलहा गांव में 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव घर के पास एक पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने सुबह शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुधीर सिंह पिता लोकनाथ (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है। मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

# सीहोर में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज

## अधिकतम 25ए रिकॉर्ड; मौसम वैज्ञानिक बोले- बादल साफ होने से अभी और बढ़ेगी सर्दी

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शनिवार (22 नवंबर) को जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में आसमान से बादल साफ होने और ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है।

जिले में पिछले लगभग दो सप्ताह से ठंड ने रफ्तार पकड़ी है। बीते 15 दिनों से लगातार ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। इससे दिन में तो हल्की राहत रहती है, लेकिन रातें ठंडी हो रही हैं।

**वैज्ञानिक बोले- बादल छंटने से गिरेगा पारा:** शासकीय कृषि महाविद्यालय में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं। ऐसे में आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। उन्होंने पुष्टि की कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**21 जून को आया था मानसून, अब सर्दी का जोर:** इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही और कभी मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी। अब मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है और ठंड का मौसम प्रभावी हो रहा है।

**बीते 13 दिनों में ऐसा रहा न्यूनतम तापमान**

- 10 नवंबरः 8.5 डिग्री
- 11 नवंबरः 8.3 डिग्री
- 12 नवंबरः 8.2 डिग्री
- 13 नवंबरः 8.3 डिग्री
- 14 नवंबरः9.0 डिग्री
- 15 नवंबरः 7.5 डिग्री
- 16 नवंबरः 5.8 डिग्री
- 17 नवंबरः5.0 डिग्री

# रीठी में पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

## चालक फरार, इमलिया मोड़ के पास हुआ हादसा

**कटनी, एजेंसी।** कटनी के रीठी थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना रीठी के इमलिया मोड़ के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। मृतक युवक की पहचान देवगांव निवासी 19 वर्षीय अंकित यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अंकित यादव प्रतिदिन की तरह अपने काम पर जाने के लिए बाइक से घर से निकले थे। इमलिया मोड़ के समीप सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। रीठी पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का



पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए रीठी के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी मोहम्मद सहीद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# रायसेन में मृत समझकर शव वाहन में रखा

## थोड़ी देर बाद बेसुध व्यक्ति के मुंह से निकली आवाज

**रायसेन,एजेंसी।** रायसेन शहर के दशहरा मैदान में शनिवार सुबह एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। ठंड बहुत ज्यादा थी और उसके शरीर पर गर्म कपड़े भी नहीं थे। लोगों ने उसे हिलते-डुलते नहीं



देखा, तो उन्हें लगा कि वह मर चुका है और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मैदान में खेल रहे युवाओं ने थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल को घटनाक्रम बताया। इसके बाद एएसआई प्रयाग नारायण चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। नगर पालिका का शव वाहन भी बुला लिया गया था। लेकिन जैसे ही कर्मचारी उस व्यक्ति को उठाकर वाहन में रखने लगे, उसी समय उसके मुंह से आवाज निकली, जिसे देखकर सभी लोग चौंक गए।

आवाज सुनते ही एएसआई ने तुरंत शव वाहन रुकवाया और 108 एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेंस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने ईसीजी और अन्य जांचें कीं, लेकिन जांच के बाद उन्होंने बताया कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। एएसआई ने बताया कि अभी तक उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और यह भी पता नहीं चल सका है कि वह दशहरा मैदान में कैसे पहुंचा। फिलहाल शव को मर्चुरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही यह साफ होगा कि उसकी मौत ठंड से हुई या कोई और कारण है।

# खंडवा जेल में कैदी की मौत, 2 दिन पहले पुराने वारंट में पकड़ा था, मां बोली- दोनों किडनियां खराब थीं

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिला जेल में शनिवार सुबह एक 30 वर्षीय कैदी की मौत हो गई। मृतक को पुलिस ने शराब के एक पुराने मामले में कोर्ट वारंट के आधार पर महज दो दिन पहले (20 नवंबर) ही गिरफ्तार किया था। घटना के बाद शव को मेडिकल कॉलेज की मॉर्चुरी में रखा गया है। पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बेटे का शव नहीं दिखाया गया। मामला जिला जेल का होने के कारण थाना कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। मृतक की पहचान जितेंद्र (30) पिता रविशंकर सांगुले, निवासी नया हरसूद (छनेरा) के रूप में हुई है। वह रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रहता था। हरसूद पुलिस के अनुसार, जितेंद्र पर 2022 में आबकारी एक्ट (शराब) के तहत मामला दर्ज हुआ था। इसी प्रकरण में कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने 20 नवंबर को उसे



उसकी लिव-इन पार्टनर के घर से हिरासत में लिया था और जेल भेज दिया था।

**भाई बोला- पहले कहा बीमार है, फिर मौत की खबर दी:** मृतक के भाई सुधाकर सांगुले ने बताया, आज शनिवार सुबह 9 बजे हरसूद पुलिस का एक जवान घर आया और उसने बताया कि भाई की मौत हो गई हैं। जबकि थोड़ी देर पहले फोन कर कहा था कि वह बीमार हैं। सुधाकर ने बताया कि जितेंद्र की शादी नहीं हुई थी और वह एक महिला के साथ लिव-इन में रहता था।

**मां का आरोप- पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी:** मृतक की मां श्यामबाई का कहना है कि बेटे की गिरफ्तारी की सूचना पुलिस ने उन्हें नहीं दी। वह जिस महिला के साथ रिलेशनशिप में रहता था, उस महिला ने बताया कि जितेंद्र को पुलिस ले गई है।

**किडनियां खराब थीं, पार्टनर ने रोकने की कोशिश की:** मां ने बताया, जितेंद्र शराब पीने का आदी था। उसकी दोनों किडनियां खराब हो गई थी। उसकी प्रेमिका ने पुलिस से कहा कि उसे मत ले जाओ, लगे तो दो हजार रुपए ले लो। लेकिन पुलिस ने कोर्ट का मामला बताते हुए उसे नहीं छोड़ा और जेल भेज दिया।

**3 साल पुराना था मामला:** भाई सुधाकर (रेलवे कर्मचारी) ने बताया कि उनके क्षेत्र में कच्ची शराब पीने और बेचने का काम चलता है। इसी मामले में पुलिस ने 3 साल पहले भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।

# ओरछा में नो-एंट्री तोड़ने पर 12 भारी वाहन जब्त, 60 हजार स्पॉट फाइन वसूला

## पर्यटन नगरी में ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**निवाड़ी, एजेंसी।** पर्यटन नगरी ओरछा में यातायात पुलिस ने नो-एंट्री जोन में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 12 ट्रक और डंपर जब्त किए गए और 60 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। जानकारी के अनुसार, एसपी डॉ. राय सिंह नरवरिया के स्पष्ट निर्देश के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पर्यटन नगरी की यातायात व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नो-एंट्री क्षेत्र में चेकिंग:** यातायात प्रभारी नीरज शर्मा और उनकी टीम ने नो-एंट्री क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग शुरू की। कुछ ही मिनटों में 12 वाहन पकड़े गए। ये सभी वाहन नो-एंट्री संकेतों को नजरअंदाज कर शहर में प्रवेश कर रहे थे। बता दें कि, निवाड़ी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने ओरछा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक प्रतिबंध लगाया है। हालांकि, यात्री बसों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। यह कदम यातायात को सुचारू बनाए रखने और पर्यटकों व आम जनता की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।



# सिर्फ 2 दिनों में खत्म हुआ पर्थ टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता मुकाबला



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पर्थ स्टेडियम में खेले गए एशेज सीरीज 2025-26 के पहले मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ मेजबान टीम ने 5 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली। यह मैच सिर्फ दो ही दिन चला। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। यह टीम 32.5 ओवरों में सिर्फ 172 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से इस पारी में हैरी ब्रूक ने सर्वाधिक 52 रन बनाए, जबकि ओली पोप ने 46 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की तरफ से मिचेल स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रेंडन डोगेट ने 2 विकेट निकाले। 1 विकेट कैमरून ग्रीन के नाम रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम सिर्फ 132 रन पर सिमट गई। इस पारी में एलेक्स कैरी ने 26 रन की पारी खेली, जबकि कैमरून ग्रीन ने 24 रन टीम के खाते में जोड़े। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 6 ओवरों में 23 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रायडन कार्स ने 3 सफलताएं हासिल कीं। इंग्लैंड ने पहली पारी के आधार पर 40 रन की बढ़त बना कर ली थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की दूसरी पारी में गस एटकिंसन ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, जबकि ओली पोप ने 33 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, बेन डकेट ने 28 रन की पारी खेली।

मिचेल स्टार्क और ब्रेंडन डोगेट ने इस पारी में 3-3 विकेट निकाले, जबकि स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट हासिल किए। सिर्फ 5 सेशन में 30 विकेट गिर चुके थे। यहां से लगा कि ऑस्ट्रेलिया के लिए 205 रन तक पहुंचना आसान नहीं होगा, लेकिन सलामी जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए जीत की नींव रखी। ट्रेविस हेड ने जैक वेदरलैंड के साथ 11.3 ओवरों में 75 रन जुटाए। वेदरलैंड 34 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मार्नस लाबुशेन ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। हेड 83 गेंदों में 4 छक्कों और 16 चौकों के साथ 123 रन बनाकर आउट हुए, जबकि लाबुशेन ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : चाउ टिएन चेन को हराकर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के रोमांचक सेमीफाइनल में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने चीनी-ताइपे के चाउ टिएन चेन को 17-21, 24-22, 21-16 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला 1 घंटे 26 मिनट तक चला। लक्ष्य सेन इस सीजन के अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। लक्ष्य सेन मुकाबले की शुरुआत में दबाव में नजर आए। चेन ने 4-0 की शुरुआती बढ़त बना ली थी। ब्रेक तक चेन के पास 11-6 की लीड थी। भारतीय खिलाड़ी ने इस अंतर को कम करने की कोशिश की, लेकिन चेन ने 21-17 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआत से कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन सेन ने मुश्किल हालात में अपनी काबिलियत दिखाते हुए 24-22 से दूसरा गेम अपने नाम कर लिया।

आखिरी गेम में सेन ने जल्द ही कंट्रोल बना लिया। सेन मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। उन्होंने इस बढ़त को 14-7 तक पहुंचाया। चेन की एक सर्विस फॉल्ट ने अंतर को 17-9 कर दिया। इसके बाद फिर एक तेज क्रॉस-कोर्ट स्मैश ने सेन को आठ मैच प्वाइंट दिए। हालांकि, चेन उनमें से चार प्वाइंट बचाने में कामयाब रहे। सेन ने मुकाबले का अंतिम गेम 21-16 से अपने नाम किया।

शुक्रवार को सेमीफाइनल में आयुष शेट्टी को मात देने के बाद सेन टूर्नामेंट में इकलौती भारतीय उम्मीद हैं। सेन ने अपने पिछले मुकाबले में शेट्टी के साथ 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की थी।

सिडनी ओलंपिक पार्क में सेन ने पहले गेम में 13-10 की बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद शेट्टी ने वापसी करते हुए 21-21 की बराबरी की, लेकिन अंततः लक्ष्य सेन ने 23-21 से गेम अपने नाम किया।

इसके बाद दूसरे गेम में सेन ने 6-1 से बढ़त बनाई और इसे 15-7 तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी वापसी नहीं कर सके और सेन ने दूसरे गेम 21-11 से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई ली।

## टेस्ट वाले बल्लेबाज कहां चले गए, कोलकाता के बाद पर्थ में निराशाजनक बल्लेबाजी पर कैफ का तंज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन की समाप्ति के बाद दोनों ही टीमों की बल्लेबाजी पर सवाल उठाया है। मोहम्मद कैफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पूछा है कि टेस्ट में बल्लेबाजी करने वाले बल्लेबाज आखिर कहां चले गए। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने लिखा, ÷टेस्ट मैच के सारे बल्लेबाज कहां चले गए? भारतीय टीम स्पिन पिच पर 124 रन का पीछा करने में असफल रही, जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज एशेज के पहले दिन पर्थ की तेज विकेट पर संघर्ष कर रहे थे।

कैफ ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेले गए टेस्ट और इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे टेस्ट में खराब बल्लेबाजी पर तंज कसा है।

दरअसल, शुक्रवार को एशेज सीरीज की शुरुआत हुई। पहला टेस्ट पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा है। पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया और 172 पर सिमट गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी दिन की समाप्ति तक अपने 9 विकेट 123 रन पर गंवा दिए थे। एक दिन में कुल 19 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तेज पिच होती है।

## साई सुदर्शन की जगह सुंदर को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला गलत था- अजिंक्य रहाणे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में दूसरा मैच खेलने उतरेगी। कोलकाता टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम के लिए गुवाहाटी टेस्ट सीरीज बराबर करने के लिए जीतना जरूरी है। शुभमन गिल के रूप में पहले ही बड़ा झटका लग चुका है। ऐसे में उनके बिना गुवाहाटी टेस्ट जीतना एक बड़ी चुनौती होगी। पहले टेस्ट में साई सुदर्शन को ड्रॉप करते हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए वाशिंगटन सुंदर को भेजा गया था। दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने टीम मैनेजमेंट के इस फैसले को गलत माना है। आर अश्विन के यूट्यूब चैनल पर रहाणे ने कहा, ÷टेस्ट क्रिकेट में अगर बल्लेबाजी क्रम निश्चित नहीं है, तो बल्लेबाजी मुश्किल होती है। आप नंबर तीन पर खेलते हैं और फिर अचानक अगले मैच में बाहर हो जाते हैं। नंबर छह पर बैटिंग करने वाला खिलाड़ी, नंबर तीन पर आ जाता है। जिन लोगों ने नंबर तीन और नंबर चार पर अच्छा किया है, वे लंबे समय से उस क्रम पर खेले हैं। साई सुदर्शन ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ नंबर तीन पर अच्छा किया था। सुंदर भी अच्छी बल्लेबाजी करता है, लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी उसे थोड़ी असहज करने वाली है। मेरे मुताबिक अब भी वह बॉलिंग ऑलराउंडर है।÷ उन्होंने कहा, ÷जो भी नंबर तीन पर खेल रहा है, चाहे वह वाशी हो या साई, उस जगह पर उसे लगातार मौका मिलना चाहिए। तभी आप आजादी से खेल सकते हैं। नहीं तो, आप अपना गेम नहीं खेल सकते। अगर टीम मैनेजमेंट नंबर तीन पर साई को देख रहा है, तो उसे लंबा मौका दें। या अगर वे वहां वाशी को देख रहे हैं, तो उसे लंबा मौका दें ताकि वह तैयारी कर सके। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए साई सुदर्शन ने पहली पारी में 87 और दूसरी पारी में 39 रन बनाए थे। इसके बावजूद उन्हें कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी।



### महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड :

## ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत



**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने शनिवार को पी. सारा ओवल में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से मात देकर महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की जीत में बसंती हंसदा ने अहम भूमिका निभाई, जिन्हें %प्लेयर ऑफ द मैच% चुना गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 37 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से चानाकन बुआखाओ ने जूली न्यूमैन के साथ टीम को संभाला। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 109 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बी2 बैटर जूली न्यूमैन ने 25 रन बनाए, जबकि बी3 प्लेयर्स चानाकन बुआखाओ ने 34 और कोर्टनी लुईस ने 14 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, जिसमें 20 एक्स्ट्रा रन भी शामिल थे। भारत की तरफ से बी2 सिमरनजीत कौर, बी1 जमुना रानी और बी1 अनु कुमारी ने 1-1 विकेट हासिल किया। इसके जवाब में बी3 गंगा कदम ने तेजी से रन जुटाते हुए भारत को शानदार लय दिलाई। उन्होंने बी2 बसंती हंसदा के साथ 11 ओवरों में 93 रन बनाए। बसंती हंसदा 39 गेंदों में 3 चौकों के साथ 45 रन बनाकर रन आउट हुईं। यहां से बी1 स्ट्राइकर करुणा ने सिर्फ 5 गेंदों में 16 रन बनाकर मैच खत्म किया। भारत ने 11.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत की ओर से गंगा कदम 31 गेंदों में 3 चौकों के साथ 41 रन बनाकर नाबाद रहीं।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बी3 कोर्टनी लुईस और बी3 एडेलिन रो ने 4-4 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इनके अलावा, चानाकन बुआखाओ ने 3.5 ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अब नेपाल और पाकिस्तान के बीच दूसरा सेमीफाइनल तय करेगा कि भारत रविवार को ऐतिहासिक फाइनल में किस टीम से भिड़ेगा।

महिला टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड टूर्नामेंट में छह टीमों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने एक ही राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे के साथ खेला। टीम इंडिया ने अपने सभी पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

# सबा करीम ने बुमराह के इम्पैक्ट पर बात की, कोलकाता से हार के बाद जायसवाल से की ये अपील

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट ने कई सवाल खड़े किए खासकर भारत की बैटिंग असफलता और साउथ अफ्रीका के प्रभावशाली गेंदबाजों को लेकर। हालांकि इस लो-स्कोरिंग मुकाबले में एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने साबित किया कि वह किसी भी कंडीशन, किसी भी सिचुएशन में भारत के सबसे भरोसेमंद बॉलर हैं। पूर्व भारतीय विकेटकीपर सबा करीम ने उनके स्वभाव, फिटनेस और मैच-इंटेलिजेंस की खुलकर तारीफ़ करते हुए कहा कि बुमराह उन गेंदबाजों में से हैं जो सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं और मुश्किल पलों में टीम की ढाल बनते हैं।



**बुमराह- हर कंडीशन में भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज :** सबा करीम का मानना है कि जसप्रीत बुमराह केवल उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन पर उनका नियंत्रण होता है। चाहे विकेट बल्लेबाज़ों के लिए कितना भी मुश्किल या आसान क्यों न हो, बुमराह अपने नैचुरल स्किल और वेरिएशन्स से असर डालना जानते हैं। करीम के मुताबिक, ÷बुमराह के लिए पिच कम मायने रखती है। उनके पास वो खासियत है जिससे वे पार्टनरशिप तोड़ते हैं और टीम को सही समय पर सफलता दिलाते हैं। पहली और दूसरी- दोनों इनिंग्स में वो कप्तान के सबसे भरोसेमंद विकल्प हैं।÷ उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि बुमराह ने ईडन टेस्ट में लंबे स्पेल डाले, फिट नजर आए और विकेट लेने की भूख भी साफ दिखाई दी।

**पहले टेस्ट की हार, पर बुमराह बने भारत के मजबूत स्तंभ :** ईडन गार्डन्स टेस्ट तीन दिनों में समाप्त हो गया जहां दोनों टीमों के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। भारत 124 रन के छोटे टारगेट तक नहीं पहुंच पाया और 30 रन से हार गया। इसके बावजूद, बुमराह पूरे मैच में लगातार साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों पर दबाव बनाते रहे। करीम ने कहा कि इंडियन मैनेजमेंट ने उनका उपयोग सही तरीके से किया, हालांकि अंतिम दिन उन्हें थोड़ा देर से अटैक पर लाया गया।

**यशस्वी जायसवाल की बल्लेबाजी पर सबा करीम की सलाह :** सिर्फ गेंदबाजी ही नहीं, सबा करीम ने टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के एप्रोच पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जायसवाल का अटैकिंग माइंडसेट अच्छी बात है, लेकिन शॉट सिलेक्शन परिस्थिति के अनुसार होना चाहिए। करीम के अनुसार, ÷अप्रोच आक्रामक हो सकता है, लेकिन शॉट चुनने में मैच सिचुएशन और पिच की भूमिका अहम होती है। पहली इनिंग में जायसवाल अधीर दिखे और कंडीशन्स के मुताबिक अप्रोच एडजस्ट नहीं किया।÷ उन्होंने यह भी कहा कि आगे बढ़ते हुए जायसवाल को अपने स्कोरिंग पैटर्न में लचीलापन लाना होगा। बड़े रन बनाने के लिए कई बार शुरुआत धीमी रखकर इनिंग को सेट करना पड़ता है।

**भारत अब गुवाहाटी में वापसी की कोशिश करेगा :** पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत की नजर अब गुवाहाटी में होने वाले दूसरे मुकाबले पर है। यह दो मैचों की सीरीज को बराबर करने का आखिरी मौका होगा। साउथ अफ्रीका 2010 के बाद पहली बार भारत में टेस्ट जीत चुका है और आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है।

## न्यूजीलैंड ने तीसरा वनडे 4 विकेट से जीता, वेस्टइंडीज को 3-0 से किया क्लीन स्वीप



**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड ने सेडन पार्क में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। कीवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 36.2 ओवर में 161 रन पर सिमट गई। रोस्टन चेस ने 51 गेंदों पर 38 रन बनाकर टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली। जॉन कैंपबेल ने 26 और खैरी पियरे ने नाबाद 22 रन बनाए। न्यूज़ीलैंड के लिए मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके। जैकब डफी और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 2-2 विकेट लिए।

टारगेट का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। डेवोन कॉन्वे (11), रचिन रविंद्र (14) और विल यंग (3) जल्दी आउट हो गए। लेकिन इसके बाद मार्क चैपमैन (64 रन, 63 गेंद) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 40 रन, 31 गेंद) ने टीम को संभाला और 30.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। वेस्टइंडीज़ की ओर से मैथ्यू फोर्ड और जेडन सील्स ने 2-2 विकेट लिए।

इससे पहले, न्यूज़ीलैंड ने पहला वनडे 7 रन से और दूसरा वनडे 5 विकेट से जीता था। टी20 सीरीज़ में भी न्यूज़ीलैंड ने वेस्टइंडीज़ पर 3-1 से कब्ज़ा किया था।

### खिताब का सपना टूटा

## रोमांचक सेमीफाइनल में बांग्लादेश से हारा भारत



भारत ए का राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में खिताब का सपना उस समय टूट गया जब टीम बांग्लादेश ए के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में सुपर ओवर में हार के बाद बाहर हो गई। भारत ए ने बांग्लादेश ए से मिले 194 रन के जवाब में इतने ही रन बनाए और मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। भारत ए ने सुपर ओवर में दो विकेट गंवाते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। बांग्लादेश को सुपर ओवर में जीत के लिए मात्र एक रन की जरूरत थी और स्पिनर सुयश शर्मा ने पहली गेंद पर विकेट झटकने के बाद दूसरी गेंद वाइड फेंक दी।

इससे पहले पहले बैटिंग करते हुए हबीबुर रहमान सोहन 46 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। जीशान आलम ने 14 गेंदों पर तेजी से 26 रन बनाए, जबकि एसएम मेहरब ने 18 गेंदों पर छह छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 48 रन बनाकर बांग्लादेश ए को 190 के पार पहुंचाया। यासिर अली ने 9 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाए। इनिंग में आखिरी समय में धमाकेदार बल्लेबाजी देखने को मिली, जिसमें मेहरब और यासिर अली ने आखिरी दो ओवरों में 50 रन बनाए।

मेहरब की पावर-हिटिंग में नमन धीर और विजयकुमार व्यशाक पर कई छक्के शामिल थे, जिसमें एक शानदार रिवर्स-स्वीप और लॉन्ग-ऑन पर फ्लैट पुल शामिल थे, जबकि यासिर अली ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर मोमेंटम बनाए रखा। बांग्लादेश ए ने बीच के ओवरों में रेगुलर विकेट गंवाए। गुरजपनीत सिंह ने जिशान और सोहन को आउट किया, जबकि नमन धीर ने महिदुल इस्लाम अंकोन (1) को आउट किया।

अन्य विकेटों में अकबर अली को हर्ष दुबे ने कैच एंड बोल्ड किया, और अबू हैदर को सुयश शर्मा ने आउट किया। इंडिया ए के गुरजपनीत सिंह ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए। हर्ष दुबे, सुयश शर्मा, रमनदीप सिंह और नमन धीर ने एक-एक विकेट लिया। विजयकुमार व्यशाक ने अपने 4 ओवर में 51 रन दिए, जो डेथ ओवरों में महंगे साबित हुए।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 : इस अनुभवी बल्लेबाज को मिली दिल्ली की कप्तानी



दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज़ नितीश राणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) 2025-26 में टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्र) के उभरते स्पिनर दिग्वेश राठी को टीम में जगह नहीं मिली है। टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर से होगी और दिल्ली अपने सभी मुकाबले अहमदाबाद में खेलेगी।

**दिल्ली का ग्रुप और पिछले प्रदर्शन:** दिल्ली को स्र्स्न्न के एलीट ग्रुप D में रखा गया है, जिसमें झारखंड, कर्नाटक, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, सौराष्ट्र और त्रिपुरा जैसी टीमें शामिल हैं। दिल्ली ने इस ट्रॉफी को अब तक सिर्फ एक बार (2017-18) जीता है, जब टीम की कमान प्रदीप सांगवान के हाथों में थी।

**राणा का दिल्ली के लिए पहला बड़ा अभियान:** नितीश राणा इस सीजन में पहली बार दिल्ली के लिए खेलेंगे। वह इससे पहले उत्तर प्रदेश की टीम से जुड़े थे और रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी।

SMAT में कप्तानी के अलावा राणा IPL 2026 में दिल्ली कैपिटल्स का भी हिस्सा होंगे, जहां वे राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड होकर आए हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग में राणा का प्रदर्शन शानदार रहा था, जहां उन्होंने 134, 45 और 79* रन की पारी खेलकर वेस्ट दिल्ली लायंस को खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

**फिटनेस पर निर्भर चयन — इशांत, सैनी और हर्षित राणा:** दिल्ली की टीम में वरिष्ठ तेज़ गेंदबाज़ इशांत शर्मा और नवदीप सैनी को शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा क्योंकि दोनों हाल ही में चोट से उबर रहे हैं। इसी तरह हर्षित राणा का चयन भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे और T 20I सीरीज़ के लिए चयन संभावनाओं पर निर्भर करेगा।

India A के प्रियांश आर्य और सुव्यश शर्मा बांग्लादेश से मिली सेमीफाइनल हार के बाद अब दिल्ली की टीम से जुड़ेंगे।

**दिल्ली की SMAT 2025-26 टीम:** नितीश राणा (कप्तान), प्रियांश आर्य, सार्थक रंजन, आयुष बडोनी, अर्पित राणा, आयुष दोसेजा, मयंक रावत, तेजस्वी (wk), अनुज रावत (wk), हिम्मत सिंह, यश ढुल्ल, सिमरजीत सिंह, राहुल दागर, यश भाटिया, अंकित राजेश कुमार, हर्ष त्यागी, सुव्यश शर्मा, प्रिंस यादव, मनी ग्रेवाल, रोहन राणा, ध्रुव कौशिक, आर्यन राणा और वैभव कंडपाल।

# कलेक्टर ने केशकाल विकासखंड में छात्रावासों और विद्यालयों का किया निरीक्षण

**कोंडागांव, एजेंसी।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज केशकाल विकासखंड अंतर्गत विभिन्न छात्रावासों और विद्यालयों का गहन निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर रुम, स्टडी रूम और डाइनिंग रूम और खेलकूद की अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



उन्होंने ग्राम खालेमूरवेंड स्थित नवीन प्री मेट्रिक बालक और कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और सुव्यवस्थित कंप्यूटर कक्ष और डाइनिंग रूम में फर्नीचर की व्यवस्था के साथ शेड निर्माण सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही छात्रावास को आदर्श छात्रावास के रूप में संवारने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात उन्होंने सेजेस विद्यालय खालेमूरवेंड का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल कर पढ़ाई के बारे में पूछा। सही जवाब देने वाले बच्चे को कलेक्टर ने अपने पेन को देकर अच्छे से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और निरंतर आगे बढ़ते रहें। इस दौरान स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया और कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के कंप्यूटर ज्ञान को परखा। उन्होंने संबंधित शिक्षक को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों को नियमित रूप से बेहतर ढंग से कम्प्यूटर सिखाएं।

कलेक्टर ने केशकाल में कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन छात्रावास भवन का निरीक्षण किया और शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। इस अवसर एसडीएम केशकाल आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के बस्तर जिले के नवीन पदाधिकारियों की टीम की घोषणा

## रजनीश पाणिग्रही व परीसराम संभालेंगे जिला महामंत्री का दायित्व

**जगदलपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले की नवीन जिला पदाधिकारियों की टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने आज शुक्रवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। भाजपा बस्तर जिला के नये पदाधिकारियों में जिला महामंत्री का दायित्व रजनीश पाणिग्रही व परीसराम बेसरा को सौंपा गया है। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, ललिता बघेल, आर्येन्द्र सिंह आर्य, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू एवं लखीधर बघेल बनाये गये हैं। जिला मंत्री के रूप में फूल सिंह सेठिया, सुब्रतो विश्वास, नारायण ठाकुर, खितेश मौर्य, किरण सेन व रैतूराम बघेल बनाये गये हैं। जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप देवांगन और सह कोषाध्यक्ष बिपिन मालवीय को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री रोहित त्रिवेदी और सह कार्यालय मंत्री राजपाल कसेर को नियुक्त किया गया है।

जला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी व सह मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार शुक्ला को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश केजी एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश मिश्रा बने हैं।



भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवीन जिला टीम के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की रीति नीति पर सतत काम करते हुये संगठन को मज़बूत बनाने की अपेक्षा की है।

# कार्यक्रम अधिकारी कुमारी रूपा यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम

**जगदलपुर, एजेंसी।** ग्राम पंचायत तितिरगांव सात दिवसीय विशेष शिवा आईआर का आयोजन हुआ था जहां राष्ट्रीय सेवा योजना के संभाग समन्वयक डॉ संजीवन कुमार की गरिमाई उपस्थित रहीं । बस्तर विश्वविद्यालय से आए भुनेश्वर साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक परिवार है हमें एक जूता पर काम करना चाहिए क्योंकि एकता में ही बल है । डॉ संजीवन कुमार राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विशेष जानकारी स्वयं सेवकों को देते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं लगातार जनहित के लिए कार्य करते रहिए। विभाग अध्यक्ष डॉ शरद नेमा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना उन सबको एक करती है मुझे खुशी हुई की इस विशेष शिविर का समापन दिवस पर मुझे बुलाया गया मैं जब भी इन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को देखता हूं तो मुझे खुशी होती है क्योंकि यही है जो निस्वार्थ भाव से



हमारे राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी रूपा यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किये।

जहां राष्ट्रीय सेवा योजना के संभाग्य समन्वयक डॉ संजीवन कुमार, डॉक्टर भुनेश्वर साहू , अध्यापक विभाग अध्यक्ष एवं गोद ग्राम संयोजक डॉ शरद नेमा ,कार्यक्रम अधिकारी रूपा यादव , प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल तितिरगांव हेमलता त्रिपाठी , वरिष्ठ व्याख्याता वंदना भदोरिया , प्राथमिक शाला प्रधानाध्यापक , ग्राम सरपंच, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के स्वयं सेवक भुवनेश्वर कश्यप, पुर्वेश कुमार सोनवानी , विद्यालय के वरिष्ठ स्वयं सेवक राधा बघेल , राकेश बघेल , महादलनायक तोमेश मौर्य, महादलनायिका परमेश्वरी कश्यप, टिनुश्वर यादव नरेंद्र ध्रुव जिज्ञासा ठाकुर बिंदेश्वरी कश्यप सोनिया यादव शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नीति आयोग के आकांक्षी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शोभित जैन ने की आकांक्षी

## जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा

**जगदलपुर, एजेंसी।** नीति आयोग द्वारा नियुक्त बस्तर जिले के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त सचिव श्री शोभित जैन ने गुरुवार की शाम बस्तर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में ली। बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने जिले और ब्लॉक में आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और दिक्कतों के संबंध में भी अवगत करवाया। संयुक्त सचिव श्री जैन ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय चयनित इंडिकेटर्स की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लक्ष्यों की समीक्षा की।उन्होंने ने




संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंडिकेटर्स की प्रगति में तेजी लाते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डेटा की जानकारी देते समय आंकड़ों का आंकलन और जांच कर भरा जाए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य विकास कार्यों को गति देते हुए नागरिकों तक योजनाओं व सेवाओं को पहुंचाना है, इसलिए विभागीय समन्वय और नियमित निगरानी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में ब्लॉक स्तर पर चल रही गतिविधियों, उपलब्धियों, चुनौतियों तथा सुधार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# प्राथमिक शाला बीजापुर में न्योता भोज का आयोजन

## बच्चों संग बांटी जन्मदिन की खुशियाँ

**कोंडागांव, एजेंसी।** शासन की महत्वाकांक्षी पहल न्योता भोज के अंतर्गत विकासखंड माकड़ी के प्राथमिक शाला बीजापुर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। बीजापुर में पदस्थ पटवारी श्री प्रमोद बघेल के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर शासन की महत्वाकांक्षी पहल न्योता भोज के अंतर्गत प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया और अपने जन्मदिन की खुशियां बांटी।

नेवता भोज में बच्चों के लिए खीर, पुरी, दाल-चावल परोसा गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा, बच्चे प्रसन्न दिखाई दिए और ग्रामीणजन भी इस पहल से प्रभावित हुए। पटवारी प्रमोद बघेल ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए कहा कि बच्चे गांव का भविष्य हैं और उनके स्वादिष्ट और पोष्टिक आहार मिल सके, यह जिम्मेदारी हम सब की है। मैं बहुत खुश हूँ मैं अपने जन्मदिन को स्कूली बच्चों के साथ मनाया और यह मेरा सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर ग्राम के प्रबुद्ध जन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र सिन्हा, तथा पंच धरमू बघेल उपस्थित रहे। सभी ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और विद्यालय परिवार की ओर से बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नियद नेल्लानार योजना से बदल रही गांवों की तस्वीर

## पुवर्ती में इंटरनेट-बैंकिंग सेवाएँ अब ग्रामीणों की पहुँच में




**सुकमा, एजेंसी।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व और जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में नियद नेल्लानार योजना के तहत दूरस्थ एवं अंदरूनी ग्राम पुवर्ती में निरंतर सुविधा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन की इस सक्रिय पहल से उन ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जो अब तक मुख्यधारा की सेवाओं से काफी दूर थे। सुविधा शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने महतारी वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और विभिन्न पेंशन योजनाओं की राशि आहरित की। इसी क्रम में पुवर्ती निवासी श्रीमती मड़कम हान्दा अपने महतारी वंदन योजना की राशि निकालने पहुंची। शिविर में उपस्थित बीसी सखी के द्वारा उन्हें आधार कार्ड के माध्यम से 1000 रुपये की राशि निकालकर सौंपी। मड़कम हान्दा ने शिविर में पैसा निकल जाने से खुशी जाहिर की। शिविर में उपस्थित 21 ग्रामीणों के 43 हज़ार रुपए आधार कार्ड से निकालकर हितग्राहियों को प्रदान किया गया। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है दूरस्थ, दुर्गम और पहुँच से कटे इलाकों तक शासन की सभी लाभकारी योजनाओं को सुनिश्चित रूप से पहुँचाना। इसी दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है पुवर्ती कैंप में जियो नेटवर्क का स्थापित होना, जिसने न सिर्फ पुवर्ती बल्कि चिमलीपेंटा, तुमलपाड़, जोनागुड़ा, सिंगाराम और टेकलगुड़ेम जैसे आस-पास के अंदरूनी गांवों को भी संचार सुविधा से जोड़ दिया है।

# 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के तहत जगदलपुर में 3 करोड़ 40 लाख की दावा न की गई राशि का निपटान

**जगदलपुर, एजेंसी।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार शुक्रवार 21 नवम्बर को जगदलपुर में नागरिकों की दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों को उन तक पहुँचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, जगदलपुर के तत्वावधान में डा0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत एक विशाल आउटरीच और दावा सुविधा शिविर का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रव्यापी पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, शासकीय विभागों और बीमा कंपनियों में जमा दावा न की गई जमा राशियों को प्राप्त करने



हेतु आम जनता और शासकीय विभागों को जागरूक करना था। शिविर का सफल आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिन्होंने इस जन-कल्याणकारी पहल की सराहना की। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक, जगदलपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पुरूषोत्तक कौशिक, भारतीय रिजर्व बैंक, रायपुर के श्री नवीन तिवारी, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री जॉर्ज विलियम तिर्की,, भारतीय स्टेट बैंक, जगदलपुर के श्री वेद प्रकाश, छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक, जगदलपुर, एवं अन्य बैंक व बीमा कंपनियों के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान, विभिन्न बैंकों व बीमा कंपनियों के ग्राहक उपस्थित रहे, जिन्हें दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई और दावा करने की पूरी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया।

# राज्यस्तरीय स्वच्छता सम्मेलन

## राज्य स्तर में छिंदगढ़ पंचायत ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सुकमा, एजेंसी।** विश्व शौचालय दिवस 19 नवंबर के अवसर पर, नया रायपुर के मेफेयर रिसोर्ट में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सरपंच स्वच्छता सम्मेलन में सुकमा जिले का नाम रौशन हुआ। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्री मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के बीच, श्रीमती सुकमती पुजारी, सरपंच, ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत छिन्दगढ़ को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

**प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में मिली सफलता:** श्रीमती सुकमती पुजारी को यह सम्मान उनके ग्राम में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई (पीवीएमयू) के सफल संचालन और स्वच्छता के क्षेत्र में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि सुकमा जिले के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक प्रेरणास्त्रोत है।

**स्वच्छता ही सेवा' के तहत जागरूकता:** इस कार्यक्रम के साथ ही, जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों को स्वच्छता संबंधी विषयों पर प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को शौचालय के नियमित उपयोग, अपने आसपास के स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखना और ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रबंधन और सुरक्षित निपटान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# कलेक्टर हरिस एस ने परचनपाल में किया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण

**जगदलपुर, एजेंसी।** लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए एक त्रुटिहीन तथा पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का औचक निरीक्षण कलेक्टर श्री हरिस एस ने शुक्रवार को बस्तर तहसील के परचनपाल में किया। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।

कलेक्टर ने कार्य की बारीकी से सत्यापन की प्रक्रिया, नए नाम जोड़ने के आवेदनों की स्थिति और सूची से डुप्लीकेट या अपात्र नामों को हटाने के लिए अपनाए जा रहे मानकों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर श्री हरिस ने इस बात पर विशेष बल दिया कि मतदाता सूची में शत-प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अपने अधिकार से वंचित न रह जाए, वहीं अपात्र लोगों का नाम सूची में न रहे। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात बूथ लेवल



अधिकारियों (बीएलओ) को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें और पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से भी बातचीत की और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी समस्याओं के समाधान और डिजिटाइजेशन के संबंध में बूथ लेवल अधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रशासन का सहयोग करें और यदि उनके नाम या विवरण में कोई त्रुटि है, तो वे तुरंत उसे सुधारने के लिए आवेदन करें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के संबंध राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी

**सुकमा, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के संबंध में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित किए जाने के साथ-साथ कलेक्शन कर डिजिटाइजेशन करने की प्रगति के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों का बैठक जिला निर्वाचन कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत 4 नवंबर 2025 से तहसीलों में बीएलओ के द्वारा गणना पत्रक वितरण के साथ-साथ भरे हुए गणना पत्रक कलेक्शन का डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी से राजनीतिक दलों को अवगत कराते हुए उन्हें प्रगति सूची प्रदान किया गया।

इस क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में राजनीतिक पदाधिकारियों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, कर्मचारी तथा राजनीतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त होने के बाद, मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन 9 दिसंबर 2025 को सभी




निर्दिष्ट स्थानों पर किया जाएगा, और राजनीतिक दलों से सूची साझा की जाएगी। सूची में छूटे हुए व्यक्ति 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावा एवं किसी नाम के विलोपन हेतु आपत्ति दस्तावेज़ो के साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 90/कोंटा के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य एक त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची का निर्माण करना है। अंतिम रूप से 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची यानि इलेक्टोरल रोल को पब्लिश किया जाएगा। अगर कोई मतदाता बीएलओ के निर्णय से और ईआरओ के निर्णय से अगर असंतुष्ट हैं, तो वो जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपनी अपील कर सकते हैं। साथ ही, इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अगर किन्हीं को कोई शंका है, कोई आपत्ति है, तो वो डिस्ट्रिक्ट व तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में संपर्क कर सकते हैं या डीसीसी 1950 टॉल फ्री पर कॉल कर अपनी शंका का समाधान कर सकते हैं। जिला प्रशासन जिले के सभी नागरिकों से इस विशेष अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा